हरिभूमि
# रायपुर भूमि



### स्टाफ संग वाद-विवाद

स्टाफ और यात्रियों के मध्य इस दौरान वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई। स्टाफ यात्रियों को शांत करने का प्रयत्न करते रहे, लेकिन यात्री लगातार फ्लाइट के समय की जानकारी मांगते रहे। गौरतलब है कि किसी भी फ्लाइट की पर्सनल बुकिंग के लिए पर्याप्त समय पूर्व संपर्क करना होता है। इसके अलावा निर्धारित टिकट दर से कुछ अधिक राशि का भुगतान भी करना होता है। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही मल्टी सीट प्रदान की जाती है। सामान्यतः शादी अथवा अन्य समारोह जिसमें पूरा परिवार शामिल होने वाला हो, के लिए इस तरह बुकिंग की जाती है।

# गोवा में शादी, व्यवसायी परिवार ने बुक की थी पूरी फ्लाइट, रद्द होते ही हंगामा




खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को राजधानी के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पूरे दिन गहमा-गहमी रही। गुरुवार को 11 फ्लाइट निर्धारित समय से एक से तीन घंटे देर रही। दो फ्लाइट रद्द हो गई। सुबह से फ्लाइट का इंतजार रहे लोगों का सब्र देर शाम अंततः टूट ही गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा हुआ।

## 7 महीने पूर्व अधिक पैसे देकर फ्लाइट बुक करने के बाद भी संगीत समारोह में नहीं पहुंच सका परिवार

### संगीत समारोह में होना था शामिल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्वाधिक हंगामा गोवा जाने वाली फ्लाइट के रद्द होने पर हुआ। इस फ्लाइट की पूरी बुकिंग राजधानी के एक कारोबारी परिवार ने करवाई थी। इसके लिए 7 माह पूर्व अधिक राशि देकर पूरी फ्लाइट बुक की गई थी। गोवा में हो रहे विवाह समारोह के लिए इस फ्लाइट की बुकिंग की गई थी। गुरुवार को संगीत समारोह ⏭ शेष पेज 13 पर

- इंडिगो कर्मचारियों की हड़ताल के कारण पूरे दिन रायपुर एयरपोर्ट पर रही गहमा-गहमी



स्टाफ संग वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। रायपुर से कोलकाता जाने वाली फ्लाइट को सुबह 9 बजे उड़ान भरनी थी। इसी तरह गोवा जाने वाली फ्लाइट का निर्धारित समय 10 बजे था। दोनों ही फ्लाइट रद्द कर दी गई। इसके अलावा दिल्ली जाने वाली पांच फ्लाइट, मुंबई जाने वाली तीन फ्लाइट, हैदराबाद जाने वाली दो फ्लाइट तथा बेंगलुरू जाने वाली एक फ्लाइट निर्धारित समय से एक से तीन घंटे की देरी पर उड़ान भर सकी। ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### कोचिंग संचालक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक कोचिंग संचालक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।उसका शव उसके निवास में मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला है। जानकारी के अनुसार, वासु कोचिंग के संचालक वासु चंद्राकर का पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। साथ ही शिक्षा विभाग के एक अधिकारी पर भी सुसाइड नोट में आरोप लगाया गया है।

### चोरी की बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गोगांव निवासी तुलाराम साहू ने डेढ़ वर्ष पूर्व 25 मई को बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गोंदवारा निवासी आकाश उर्फ दिनेश राव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है।

### डीजे का सामान चोरी करने का आरोप, की मारपीट

**रायपुर**। आजाद चौक थाने में एक सफाईकर्मी ने एक अन्य के खिलाफ डीजे सामान चोरी करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आमापारा निवासी गोलू बघेल ने वीरेंद्र संद्रे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। गोलू ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र का डीजे का सामान कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। वीरेंद्र ने गोलू पर डीजे सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**रायपुर**। आमानाका थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मृतक के परिजन खरोरा निवासी गेंदलाल यादव ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात अज्ञात वाहन ने उसके दामाद दीपक यादव को बाइक से जाते हुए टाटीबंध के पास ठोकर मार दी।

# पटवारी से आरआई बनने तिकड़मबाजी, बड़ी गड़बड़ी, आठ और अधिकारी-कर्मचारियों पर जुर्म

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरआई प्रमोशन घोटाले में दो की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में शामिल आठ अन्य अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी ने अपराध दर्ज किया है। जिनके खिलाफ अपराध दर्ज हुए हैं, उनकी गिरफ्तारी कभी भी संभव है। वैसे , पूरे मामले में 18 अधिकारी-कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें से अब तक दस पर केस दर्ज हुए हैं। बाकी की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक परीक्षा में शामिल उन पटवारियों पर भी कार्रवाई प्रस्तावित है, जिन्हें कथित अनियमितता के जरिए प्रमोशन दिया गया। एक मामले में फेल हुए पटवारी को बाद में पास कर दिया। इसी तरह पति-पत्नी और कुछ जगह भाइयों को साथ बैठाया गया। आरआई प्रमोशन घोटाला में ईओडब्ल्यू की टीम ने 19 नवंबर को सात जिलों के 19 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापे की कार्रवाई में ईओडब्लू को घोटाले से संबंधित दस्तावेज के साथ तकनीकी सबूत मिले। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक प्रमोशन परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही लीक किए गए थे। पटवारियों को पास करने के लिए रिश्तेदारों को एक ही परीक्षा केंद्र में लाइन से बैठाया गया। यही कारण है कि कई अभ्यर्थियों को एक समान अंक मिले।

### यह है पूरा मामला

पटवारी से आरआई प्रमोशन लिखित परीक्षा पिछले वर्ष 7 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी। प्रमोशन परीक्षा में ढाई हजार से ज्यादा पटवारी शामिल हुए। परीक्षा परिणाम 29 फरवरी 2024 को जारी किया गया। जारी परिणाम में 216 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया। अंतिम चयन में 13 अभ्यर्थियों का नाम शामिल किया गया। अंतिम चयन के बाद 22 लोगों को नियुक्ति दे दी गई, इसके बाद विवाद शुरू हुआ। घोटाला सामने आने के बाद शासन ने जांच के आदेश दिए।


रायपुर में 10 ठिकानों पर जांच पड़ताल
आरआई प्रमोशन घोटाला ईओडब्ल्यू ने मारे सात जिलों के 19 ठिकानों पर छापे
चार आरआई के ठिकानों पर दी दबिश
राजस्व तथा आपदा प्रबंधन की

### इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज की गई है उनमें तत्कालीन आयुक्त सांख्यिकी प्रेमलता पद्माकर, सहायक आयुक्त हरमन टोप्पो, सहायक अधिकारी वीरेंद्र जाटव, क्लर्क आशीष प्रकाश ब्रजपाल, मानचित्रकार रामाज्ञा यादव, आरआई लीला देवांगन, क्लर्क ईश्वर लाल ठाकुर, हेमंत कौशिक, जयंत यादव और राकेश डड़सेना चपरासी सहित अन्य शामिल हैं। इनमें वीरेंद्र जाटव और हेमंत कौशिक की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

### इस तरह से की गई परीक्षा में गड़बड़ी

आरआई प्रमोशन परीक्षा के लिए दो बार पाठ्यक्रम जारी हुआ, पर दोनों में भुइयां सॉफ्टवेयर का उल्लेख नहीं था। इसके बावजूद इससे जुड़े 7 प्रश्न पूछे गए। ओएमआर शीट पर किसी प्रकार का चिन्ह, नाम या रोल नंबर लिखने की मनाही थी, फिर भी कई ओएमआर शीट पर मोबाइल नंबर लिखा गया, जो इस प्रकार से हैं।

- रोल नंबर 240921 हर्षवर्धन गोटे को चयन सूची में शामिल किया गया, पर बाद में नाम हटा दिया गया।
- रोल नंबर 241921 पवन कुमार नेताम का नाम मैनुअल एंट्री के आधार पर चयन सूची में जोड़ा गया।
- रोल नंबर 241797 व 241798 दोनों भाई हैं और दोनों को एक साथ बिठाया गया।
- रोल नंबर 241975-241976, 241770-241771, 240779-240780 भी एक ही परिवार के और एक साथ बैठे मिले।
- रोल नंबर 241377 व 241370, दोनों भाई हैं, एक ही सेंटर पर परीक्षा दी और दोनों को 88 अंक प्राप्त हुए।
- रोल नंबर 240319, 240061, 241785 क्रमशः जीजा, दीदी और साली तीनों ने एक ही कक्ष में परीक्षा दी।

# मंडल के स्लीपर कोच यात्रियों को भी अब मिल सकेगा चादर, तकिया

## लंबी दूरी की ट्रेनों में पहले मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे ने स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अब बेडरोल (चादर, तकिया आदि) उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इस सुविधा का लाभ जल्द ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़ोन समेत रायपुर मंडल के यात्रियों को भी मिलने लगेगा। यह योजना नए साल यानी 1 जनवरी 2026 से शुरू हो सकती है, हालांकि यह सेवा निःशुल्क नहीं होगी। यात्रियों को इसके लिए निर्धारित शुल्क चुकाना होगा, जैसा कि गरीब रथ एक्सप्रेस में होता है। दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल में यह सुविधा पहले ही लागू करने घोषणा की है और अब रायपुर मंडल में इसे लागू करने की तैयारियां चल रही हैं।

- रायपुर मंडल की ट्रेनों में एक जनवरी से सुविधा शुरू करने की तैयारी, गरीब रथ की तर्ज पर यह सेवा शुरू करने की योजना

हरिभूमि से बातचीत में सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि योजना को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। ⏭ शेष पेज 13 पर

# एसआईआर के लिए निजी स्कूलों से मांगे शिक्षक जवाब-कोर्स पूरा नहीं, परीक्षाएं भी सिर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसआईआर के लिए नोडल प्राचार्य अब निजी स्कूलों से मदद मांग रहे हैं। हालांकि इसके लिए कोई लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है और ना ही लिखित रूप से मदद मांगी गई है। इसके स्थान पर मौखिक रूप से निजी स्कूलों से शिक्षक एसआईआर अर्थात मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए मदद मांगी गई। निजी विद्यालय इस क्षेत्र में आते हैं, वहां के हायर सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्यों को तय दायरे में आने वाले प्राइवेट स्कूलों का नोडल प्राचार्य नियुक्त किया जाता है। नोडल प्राचार्यों ने संबंधित निजी स्कूलों से सर्वे कार्य के लिए शिक्षक उपलब्ध कराने कहा था, लेकिन निजी स्कूलों ने इससे इनकार कर दिया है।

- समय पर टारगेट पूरा करने नोडल प्राचार्य कर रहे संपर्क

निजी स्कूलों का कहना है कि दिसंबर माह में छमाही परीक्षाएं हैं। जनवरी में प्रायोगिक परीक्षाएं तथा इसके पश्चात फरवरी माह में वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। तय समय सीमा में सिलेबस पूर्ण करना जरूरी है, ताकि परीक्षा परिणामों में असर ना पड़े। शिक्षक एसआईआर कार्य के लिए भेजे जाने पर पढ़ाई प्रभावित होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में कई शासकीय विद्यालय ऐसे हैं, जहां केवल एक अथवा दो शिक्षक ही हैं। इन विद्यालयों के शिक्षकों को भी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगा दिया गया है। इसके चलते सरकारी विद्यालयों में अवकाश सी स्थिति है।

### डेटा अपलोड करने में रायपुर सबसे पीछे

मतदाताओं को बांटे जा रहे गणना पत्रक को भरकर इन्हें चुनाव आयोग को भेजा जाना है। इसके पश्चात इनका डिजिटलाइजेशन होगा। अर्थात प्रत्येक मतदाता द्वारा दी गई जानकारी ऑनलाइन मौजूद रहेगी। इसमें रायपुर जिला प्रदेश में सबसे पीछे है। कोरिया और मुंगेली में 99.6 प्रतिशत गणना प्रपत्र चुनाव आयोग तक पहुंच चुके हैं। इनमें से अधिकतर का डिजिटलाइजेशन भी किया जा चुका है। रायगढ़, सुकमा, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ में भी 90 प्रतिशत से अधिक मतगणना पत्रक अपलोड किए जा सके हैं। सबसे पीछे रायपुर है। यहां अब तक 89 प्रतिशत गणना प्रपत्र ही चुनाव आयोग तक पहुंचे हैं।

### छात्रों का भविष्य आवश्यक

नोडल प्राचार्यों द्वारा मदद मांगी गई थी। हमारे पाठ्यक्रम अभी अधूरे हैं, इसलिए सर्वे कार्य के लिए शिक्षक देने में हमने असमर्थता जताई है।
- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

# बूढ़ातालाब किनारे लगी दुकानों पर कार्रवाई, 8 बोरी जूता-चप्पल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बूढ़ातालाब मुख्य मार्ग की सड़क किनारे चलने-फिरने वाली जगह पर अवैध रूप से जूता-चप्पल की दुकानें लगाना फुटकर विक्रेताओं को महंगा पड़ा।

टीम प्रहरी ने अभियान चलाकर 8 बोरी जूता-चप्पल की जब्ती कर मार्ग को कब्जा मुक्त कराया। जूता-चप्पल वालों ने लाइन से दुकानें सजा रखी थी, जिससे सुगम आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही थी। नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के बूढ़ातालाब मुख्य मार्ग पर फुटकर विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से कपड़े, ⏭ शेष पेज 13 पर

# नवंबर के बिजली बिल में लगेगा 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में अभी कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। इस बार दिसंबर में जो नवंबर का बिल आएगा उसमें अक्टूबर और नवंबर का मिलाकर 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का करंट

- अक्टूबर के बचे 9.59 फीसदी के साथ नवंबर का 2.41 प्रतिशत शुल्क जोड़कर वसूला जाएगा



लगेगा। अगले माह भी डबल झटका लगेगा, क्योंकि जहां नवंबर में अक्टूबर का 9.59 फीसदी और नवंबर का 2.41 फीसदी शुल्क दिसंबर के बिल में लिया जाएगा। जनवरी में जब दिसंबर का बिल आएगा तो इसमें जहां नवंबर का बचा 5.43 फीसदी शुल्क लिया जाएगा, ⏭ शेष पेज 13 पर

### बीते माह ली सुरक्षा निधि

नवंबर में अक्टूबर माह का जो बिल आया, उसमें उन उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि की राशि वसूली गई जिनकी औसत खपत बढ़ गई है। किसी भी उपभोक्ता की जितनी औसत खपत होती है, उसके दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जरूरी होती है। जिनकी खपत में इजाफा हो गया है, उनकी पुरानी सुरक्षा निधि में दो माह के बिल के बराबर जितनी राशि कम है, उस राशि की वसूली अक्टूबर के बिल में की गई। यही वजह है कि बीते माह एफपीपीएएस की डबल वसूली नहीं की गई। लेकिन अब वापस नवंबर के बिल से डबल वसूली होने वाली है।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# छत्तीसगढ़ भाजयुमो में अंडर-35 को ही मिलेंगे पद, नहीं चलेंगे ओवरएज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा के सभी मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है। भाजयुमो का अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को बनाया गया है। उनको अध्यक्ष बनाने के पीछे एक बड़ा कारण उनकी उम्र भी है।

वे 35 साल से कम के हैं। इस बार तय है कि संगठन चुनाव में जिस तरह से मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल के उम्र की बाध्यता थी, उसी तरह से भाजयुमो अध्यक्ष के बाद अब अन्य पदाधिकारियों के लिए अंडर-35 साल की बाध्यता रहेगी। इसी के साथ सभी जिलों के अध्यक्ष भी अंडर-35 के ही होंगे। पिछली बार प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी में ओवरएज को पदाधिकारी बनाने के कारण बड़ा विवाद हुआ था। ओवरएज को बाहर करने की भी तैयारी थी, लेकिन ऐन समय पर भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के बदले जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। बीते साल सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव हुए तो इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी हाल में मंडलों के अध्यक्षों की उम्र 45 साल से ज्यादा न हो। कुछ स्थानों पर तो जिनके नाम का समर्थन भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया था, उनकी उम्र ज्यादा होने के कारण उनको भी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। इससे साफ है कि भाजपा इस बार कितनी गंभीर है। इसी तरह से जिलाध्यक्षों को लेकर भी 60 साल की उम्र सीमा का ध्यान रखा गया। पूरे प्रदेश में कहीं भी 60 साल से ज्यादा उम्र के किसी को भी जिलाध्यक्ष नहीं बनाया गया है।

### पिछली बार ओवरएज की नियुक्ति को लेकर हो चुका है विवाद




### अंडर-35 ही बनेंगे पदाधिकारी

यह बात तय है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष की कमान जिस तरह से 33 साल के राहुल टिकरिहा को दी गई है, उससे साफ है कि उनकी कार्यकारिणी में भी सभी पदाधिकारी 35 साल से अंदर के होंगे। पिछली बार भी पहले अमित साहू को अंडर 35 होने के कारण अध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद हुआ। भाजपा के दिग्गज नेताओं के कहने पर कार्यकारिणी में कुछ ओवरएज नेताओं को पद दे दिए गए, लेकिन इसकी शिकायत उस समय की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गई तो उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के साथ पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों की कुंडली भी बनवा ली। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ कुछ जिलों के अध्यक्षों को भी बाहर करने की तैयारी हो गई थी। लेकिन डी. पुरंदेश्वरी के प्रदेश प्रभारी के पद से हटने के बाद अंततः यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछली बार के विवाद को देखते हुए इस बार प्रदेश संगठन ने पूरी सावधानी रखने का फैसला किया है। ऐसे में तय है कि इस बार भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष के बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में अंडर 35 पर ही फोकस होगा।

## खबर संक्षेप

### वन नेशन वन इलेक्शन देश के विकास के लिए अच्छी शुरुआत होगी : पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

रायपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी गई है। केंद्र सरकार ने उसके आधार पर दो बिल तैयार करके लोकसभा में पेश किए। दोनों बिलों का जेपीसी परीक्षण कर रही है। अगर ये अवधारणा लागू होती है, तो ये भारत के विकास के लिए गेम चेंजर होगा। बिलासपुर में अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति ने रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है, इसका बच्चों की शिक्षा पर असर होता है। अगर टीचर ये काम करेंगे, तो बच्चों को पढ़ाई को समय नहीं दे पाते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन देश के विकास के लिए बहुत अच्छी शुरुआत होगी।



### कांग्रेस ने कहा- जनता पूछ रही, किसको फायदा पहुंचाने बढ़ी गाइडलाइन दर

रायपुर। जमीनों की गाइडलाइन के रेट बेतहाशा बढ़ाने का चौतरफा विरोध के बावजूद सरकार हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सरकार एक मंत्री की जिद में पूरे प्रदेश को परेशान करने पर अड़ी हुई है। जिस फैसले के खिलाफ पूरा जनमानस है, सरकार उसको लागू करने की जिद पर क्यों अड़ी है? उन्होंने कहा, मंत्री कहते हैं इससे किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। कितने किसानों का मुआवजा प्रकरण सरकार के पास पेंडिंग है, 1 प्रतिशत के लिए 99 प्रतिशत को परेशान करना उचित नहीं। यदि किसानों की इतनी ही चिंता है, तो मंत्रिमंडल की बैठक करके मुआवजे की दर सरकार 4 गुना से बढ़ाकर 10 गुना कर दे, लेकिन पूरे प्रदेश को परेशान करना बंद करे। उन्होंने कहा, राज्य की जनता जानना चाहती है कि किसके फायदे के लिये गाइडलाइन की दर को बढ़ाया गया तथा किसके फायदे के लिये इसमें संशोधन नहीं किया जा रहा है?



### गुरु घासीदास की शोभायात्रा की तैयारी के लिए बैठक 7 को

रायपुर। सतनामी समाज के समस्त संगठनों, विभिन्न समितियों, महिला मंडल के सदस्यों, अधिकारी- कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों आदि की संयुक्त बैठक 7 दिसंबर को दोपहर 1 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में आयोजित की गई है। केपी खंडे-अध्यक्ष, जेआर सोनी-महासचिव एवं चेतन चंदेल-प्रवक्ता के अनुसार बैठक में 16 दिसंबर को राजधानी में निकलने वाली गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा की अंतिम रूपरेखा तैयार की जाएगी। 18 दिसंबर को आयोजित जयंती महापर्व, साहित्य संगोष्ठी व अलंकरण सम्मान समारोह के लिएनाम प्रस्तावित कर प्रमुख लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी।

## 14 दिसंबर से पहले पूरा सामान शिफ्ट करने का प्रयास

# नए विधानसभा भवन का सीटिंग प्लान, अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बी, मंत्री सी ब्लॉक में बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले नवा रायपुर के नए विधानसभा का सीटिंग प्लान तय कर लिया गया है। नए विधानसभा में सदन बी ब्लॉक के पहले फ्लोर में होगा। सदन से लगा हुआ विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष रहेगा। उसी ब्लॉक में नेता प्रतिपक्ष को कक्ष आवंटन किया गया है। विधानसभा में सभी मंत्रियों को सी ब्लॉक के प्रथम तल पर अलग-अलग कक्ष आवंटन किया गया है। विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले पुराने विधानसभा के फर्नीचर और अन्य सामान शिफ्ट किए जा रहे हैं।

नवा रायपुर में नए विधानसभा भवन के लोकार्पण के बाद शीतकालीन सत्र से इसकी शुरुआत होगी। सत्र शुरू होने के पहले 2 दिसंबर से विधानसभा के सभी सेक्शन की फाइलों को यहां शिफ्ट किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय ने सभी सेक्शन को इसकी तैयारी कर फाइलें वहां 9-10 दिसंबर तक ले जाने कर व्यवस्थित करने कहा गया है। वहां पर 14 दिसंबर के पहले पूरा सेटअप तैयार करने की तैयारी है। यहां पर बी ब्लॉक पर विधानसभा के सभी सेक्शन का सेटअप रहेगा। यहां पर प्रतिवेदन, संदर्भ शाखा और पुस्तकालय के लिए भी जगह दी गई है। जनसंपर्क विभाग और पत्रकारों के लिए भी यहां पर ही कक्ष का आवंटन किया गया है।




### सभी सेक्शन को कमरा आबंटन

नए विधानसभा भवन में सभी सेक्शन को कमरों का आबंटन पूरा कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इसके आदेश जारी करते हुए उन्हें अपना सामान वहां रखवाकर काम शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विधानसभा के बी ब्लॉक के प्रथम, द्वितीय तल पर सभी सेक्शन को कमरा आबंटन किया गया है। पिछले तीन दिनों में अधिकांश सेक्शन की फाइलें यहां पहुंचाई जा चुकी हैं। विभाग के कर्मचारियों को यहां पर सामान जमाने और व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा सचिवालय से लेकर सभी की फाइलें पहुंचने के साथ ही यहां से सत्र की तैयारी भी शुरू हो गई है।

### शिफ्टिंग अभी जारी

विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि पुराने विधानसभा शिफ्टिंग अभी जारी है। सभी सेक्शन के कर्मचारियों को उनसे संबंधित दस्तावेज सावधानी से पैक कर ले जाने कहा गया है। पूरी सतर्कता के साथ यह कार्य किया जा रहा है। सभी सेक्शन के वरिष्ठ अधिकारी के देखरेख में यह कार्य किया जा रहा है। सत्र के पहले पूरा सामान शिफ्ट करने का प्रयास हो रहा है।

### फर्नीचर सहित सभी सामान जाएगा

पुराने विधानसभा भवन में जो सामान है, उसे नए भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। बसों में फाइलें और मेटाडोर में फर्नीचर और अन्य सामान ले जाया जा रहा है। नए विधानसभा में यह कार्य देर शाम तक चल रहा है, ताकि तय समय में इसे पूरा किया जा सके। पुराने विधानसभा भवन के सामानों की सूची भी तैयार की जा रही है। यहां पर रैक और अलमारी के अलावा फर्नीचर का उपयोग उन्हीं सेक्शन में होगा जहां लगी थी।

### शीतकालीन सत्र के लिए तैयार

नवा रायपुर में नए विधानसभा भवन का 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया था। भाजपा सरकार आने के बाद पिछले दो साल में इसके निर्माण में तेजी लाते हुए पूरा किया गया। अब यहां पर शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सदन में नई कुर्सियां लगाई जा चुकी हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस विधानसभा का सदन पेपरलेस किए जाने की पूरी तैयारी है। यहां की बैठक व्यवस्था सत्र शुरू होने के दो दिन पहले जारी की जाएगी।

# कृषि संचालक राहुल देव फील्ड पर निकले, गेहूं-चना समेत अन्य बीजों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कृषि विभाग के संचालक राहुल देव ने गुरुवार को अभनपुर विकासखंड के ग्राम मानिकचौरी स्थित सेवा सहकारी समिति का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने समिति में रखे गेहूं, चना एवं अन्य बीजों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उन्हें दलहन-तिलहन फसलों के लाभ और उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी भी दी।

**ग्रीष्मकालीन धान की खेती नहीं करने किसानों को दी सलाह :** राहुल देव ने किसानों से बातचीत करते हुए अपील की कि रबी सीजन में भूमिगत जल संरक्षण के लिए ग्रीष्मकालीन धान की खेती नहीं करें। उन्होंने बताया कि लगातार ग्रीष्मकालीन धान लेने से भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जिससे पीने के पानी की कमी सहित कई समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फसल विविधिकरण अपनाने से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और किसान आर्थिक रूप से अधिक लाभ कमा सकते हैं।

राहुल देव ने प्रधानमंत्री आशा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर और सरसों की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर रही है। इसी के तहत एनएफएसएम योजना में किसानों को मसूर मिनीकीट भी वितरित किया है। अपने दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम डोगीतराई में सरसों की उतेरा फसल का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# किरण देव बोले- प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ प्रदेश नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल के पूरे होने जा रहे कार्यकाल को संकल्पों की सिद्धि और उपलब्धियों का प्रामाणिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा, प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में व्यक्त किया था, वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है।

श्री देव ने बताया, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-26 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 26,27,223 आवासों के विरुद्ध 24,22,571 आवासों की स्वीकृति कर 16,72,002 हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। आवास निर्माण की गति बढ़ाते हुए लगभग 2,000 आवास प्रतिदिवस निर्माण किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास से लाभान्वित किया जा रहा है जिसके तहत अभी तक कुल 33,217 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के आवासहीन 38,798 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए। श्री देव ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत के गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैंप की 10 किमी की परिधि में आने वाले गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत 327 गांवों में 13,788 घरों और शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

# धान के अवैध परिवहन-भंडारण पर बड़ी कार्रवाई, 42 प्रकरण में 1537 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान का भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर नजर रखने एवं कार्रवाई करने के लिए प्रशासन ने संयुक्त टीम बनाई है। इस टीम में खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं मंडी समिति के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इस समिति ने पिछले 18 दिनों में जिले के अलग-अलग जगहों पर निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से धान का भंडारण-परिवहन के मामले में 42 प्रकरण दर्ज किए हैं। इन प्रकरणों में कुल 1537.60 क्विंटल धान भी जब्त किया है।

### 13 नवंबर से 1 दिसंबर तक औचक निरीक्षण में सामने आए मामले

खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। प्रशासन ने धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान का भंडारण और परिवहन करने वालों पर निगरानी रखने तथा औचक निरीक्षण के लिए खाद्य, राजस्व विभाग तथा मंडी समिति की टीमें ब्लॉकवार गठित की है।



यह टीम जिले के अलग-अलग मंडी क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करने के साथ मिल में दबिश दे रही है। इस तरह 13 नवंबर से लेकर एक दिसंबर तक टीम ने कुल 42 प्रकरण में 1537.60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

### रायपुर मंडी क्षेत्र में 12 प्रकरण में 472 क्विंटल धान जब्त

संयुक्त टीम की विशेष जांच अभियान रायपुर मंडी क्षेत्र में कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में सारागांव, सिलयारी, तर्रा, पथरी, मोहंदी, पावनी सहित अन्य स्थानों से कुल 472 क्विंटल धान जब्त किया है। इसी प्रकार नवापारा मंडी क्षेत्र से 10 प्रकरण के साथ तर्री, चंपारण, सेमरा टीला, पोड़, नवापारा, तामासिवनी क्षेत्रों से कुल 167.40 क्विंटल धान तथा कुर्रा पराग ट्रेडर्स राईस मिल से 508 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। इसी तरह आरंग मंडी क्षेत्र में 3 प्रकरण में आरंग तथा गुल्लू से 56.80 क्विंटल धान, नेवरा मंडी क्षेत्र से 14 प्रकरण में कोटा, शारीडीह, नेवरा, खरोरा, तुलसी, परसदा आदि क्षेत्रों से 298.40 क्विंटल धान एवं अभनपुर मंडी क्षेत्र से 2 प्रकरण में अभनपुर एवं चंडी क्षेत्र से 35 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

**धारा 19 के तहत प्रकरण दर्ज :** विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन सभी मामलों में धारा 19 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रारूप-37**

**(नियम 61(3) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी

रायपुर सं. 452 तारीख 01/12/2025

श्री / श्रीमती / कुमारी NIMSHA INDUSTRIES PRIVATE LTD., DIR. RAHUL JAIN FIRST FLOOR SHOP NO H-1/2 GT SHOPPING PLAZA KAPA, VIDAHN SABHA MARG, RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PT4510 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

**प्रारूप-37**

**(नियम 61(3) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी

रायपुर सं. 451 तारीख 01/12/2025

श्री / श्रीमती / कुमारी NIMSHA INDUSTRIES PRIVATE LTD., DIR. RAHUL JAIN FIRST FLOOR SHOP NO H-1/2 GT SHOPPING PLAZA KAPA, VIDAHN SABHA MARG, RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PT4501 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

**प्रारूप-37**

**(नियम 61(3) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी

रायपुर सं. 450 तारीख 01/12/2025

श्री / श्रीमती / कुमारी NIMSHA INDUSTRIES PRIVATE LTD., DIR. RAHUL JAIN FIRST FLOOR SHOP NO H-1/2 GT SHOPPING PLAZA KAPA, VIDAHN SABHA MARG, RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PT3007 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

पीएम आवास योजना के नियमों में संशोधन

# पीएम आवास योजना में बड़ा बदलाव अब 2500 वर्गफीट को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। अब तक योजना में 2500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड के स्वामियों को अपात्र माना जाता था, परंतु शासन ने इस सीमा को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब इससे बड़े प्लाट धारी भी योजना का लाभ उठा सकेंगे।

पीएम आवास योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। अब ढाई हजार वर्गफीट से बड़े प्लाट मालिकों को भी पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक की आय तीन लाख या इससे कम होनी चाहिए। परिवार में किसी भी सदस्य का पक्का मकान नहीं होना चाहिए। अभी तक पीएम आवास योजना का लाभ ढाई हजार वर्गफीट से कम आकार वाले प्लाट धारकों को दिया जा रहा था। शासन का कहना है कि यह सुधार शहरों में आवास निर्माण को गति देगा और अधिक संख्या में वास्तविक जरूरतमंद लाभार्थियों को सहायता मिलेगी।

### कमजोर वर्ग को बड़ी राहत

पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक का अधिकतम लाभ नागरिकों तक पहुंचे इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। निगम प्रशासन का मानना है कि यह बदलाव न केवल शहर में आवास निर्माण को बढ़ावा देगा, बल्कि सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत भी देगा।

### लाभार्थियों की संख्या में होगी वृद्धि

योजना से लाभार्थियों की संख्या में काफी वृद्धि होगी और बड़े भू-खण्ड स्वामियों को भी आवास निर्माण हेतु सहायता मिल सकेगी। साथ ही शहर में पीएम आवास योजना का प्रभाव और व्यापकता बढ़ेगी। नए दिशा निर्देशों के अनुसार अपनी पात्रता की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऐसे लोग भी आवेदन कर सकेंगे।

**पीएम आवास ग्रामीण में 24 लाख से अधिक आवास स्वीकृत :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-26 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 26,27,223 आवासों के विरुद्ध 24,22,571 आवासों की स्वीकृति कर 16,72,002 हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास से लाभान्वित किया जा रहा है।

**Gurukul Mahila Mahavidyalaya, Kalibadi Road, Raipur (C.G.)**
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University Raipur)
Managed by: Bhatkhande Lalitkala Shiksha Samiti, Kalibadi Road, Raipur (C.G.)
Phone No. 0771 - 4053443, Email : info@gurukulraipur.com

**REQUIRED**

| Sr. No. | Name of the Post | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | Assistant Professor Commerce | 01 | (A) ELIGIBILITY<br>a. Good academic record with at least 55% marks (or equivalent garde in a seven-point scale wherever grading system is allowed) at the Master Degree level in a relevant subject.<br>b) NET/SLET/SET/Ph.D.<br>OR<br>(B)<br>The Ph.D. degree has been obtained from a foreign university/institution with a ranking amount of 500 in the world university ranking (at any time) by any one of the following :<br>(i) Quacquarelli Symonds (QS)<br>(ii) The times higher education (THE)<br>(iii) The academic ranking of the world university (ARWU) of the shanghai jiao Tang University (Shanghai)<br>Note :- Qualification are as per UGC Regulation 2018 and NCTE Regulation 2014 & its amendments time to time. |
| 02 | भृत्य | 01 | (a) आठवी पास<br>(b) अनुभव |

Pay Scale : UGC/State Govt. 7th Pay Commission

आवेदक अध्यक्ष शासी निकाय को आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ 03 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर महाविद्यालय के पते पर डाक के माध्यम से प्रेषित करें अथवा जमा करें।

प्राचार्य
श्रीमती गुरुकुल महिला महाविद्यालय
कालीबाड़ी रोड, रायपुर (छ.ग.)

Ajay Pub.

## खबर संक्षेप



### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर किया जनसंपर्क

**आरंग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में "वृहद गृह संपर्क अभियान" के अंतर्गत आरंग बस्ती क्र 01 के वार्ड क्र 06 में बस्ती एवं वार्ड टोली द्वारा नागरिकों के बीच व्यापक संपर्क किया गया। टोली सदस्यों ने घर–घर पहुँचकर आरएसएस के कार्यों, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान की जानकारी साझा की। इस दौरान पंच परिवर्तन जैसे प्रमुख विषयों पर संवाद किया गया। साथ ही भारत माता का छाया चित्र, संघ का संदेश साहित्य, पुस्तिका और पत्रक निवासियों को वितरित किए गए। अभियान में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, शेखर साहू, अशोक चंद्राकर, सतीश सोनकर, मानु जलक्षत्री, राजू सोनकर और देव जलक्षत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### कांग्रेस की बैठक आज डहरिया होंगे शामिल

**आरंग।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग की मासिक बैठक 05 दिसम्बर को राजीव भवन आरंग दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) के पूर्व अध्यक्ष उधोराम वर्मा का विदाई समारोह तथा नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र "पप्पू" बंजारे का स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल सिंह साहू ने बताया कि सभी वरिष्ठ कांग्रेसी, ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अजाक विभाग, ओबीसी प्रकोष्ठ, एनएसयूआई, सेवादल, कांग्रेस समर्थित पार्षद, जनप्रतिनिधि, सरपंच-पंच एवं सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है।

### राज्य स्तरीय सुवा नृत्य स्पर्धा आज

**मंदिर हसौद।** नया राजधानी के पास स्थित मंदिर हसौद नगर पालिका परिषद में 6 दिसंबर को श्री मनोकामना सुवा नृत्य उत्सव समिति द्वारा एकदिवसीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहिब कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री , अति विशिष्ट तिथि डॉक्टर शिवकुमार डहरिया पूर्व नगरीय निकाय विकास एवं श्रम मंत्री, अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद अध्यक्ष, तुलसी की शोभित साहू जी पी निषाद अजय सिंहा अविनाश अग्रवाल गोवर्धन सिंहा बिरजू ध्रुव कार्यक्रम संचालक एवं उद्घोषक त्रिलोचन साहू जिसमें प्रथम पुरस्कार 15551/ द्वितीय 11551/, तृतीय पुरस्कार 7551 इस प्रकार क्रमशः5551/ 3551 व 2551/तथा सत्वाना पुरस्कार 2001 रुपए और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा।

## 400 करोड़ के विकास पर सवाल उठाना धरसींवा की जनता का अपमान

# कांग्रेस की राजनीतिक हताशा व विकास विरोधी मानसिकता उजागर : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा द्वारा पिछले दो वर्षों में कराए गए 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के 'बेबुनियाद और भ्रामक' आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करारा पलटवार किया है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के बयान को 'घोर राजनीतिक हताशा और विकास विरोधी मानसिकता' का प्रतीक बताते हुए कांग्रेस को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया है। विधायक श्री अनुज शर्मा की प्रेस कांफ्रेंस में दो वर्ष में हुए 400 करोड़ के विकास कार्य पर कांग्रेस के उलूल-जुलूल बयान पर भाजपा नेता भड़क उठे और अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ देते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला किया।

### एसी कमरों में बैठकर आरोप लगा रही कांग्रेस: सविता चन्द्राकर

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चन्द्राकर ने कांग्रेस के काम करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा, /"विधायक शर्मा ने पिछले दो वर्षों में जनता के बीच रहकर दिन-रात काम किया है, जबकि कांग्रेस के नेता केवल एसी कमरों में बैठकर प्रेस विज्ञप्तियां जारी कर रहे हैं।/" उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि वे जनता के बीच आकर विकास देखें और कहा, /"अनुज शर्मा जी का संघर्षशील व्यक्तित्व ही उन्हें धरसींवा के लिए समर्पित बनाता है।

### दे रहे उलूल-जुलूल बयान : चंद्रकांत साहू

भाजपा के मण्डल अध्यक्ष (बंगोली मण्डल) श्री चंद्रकांत साहू ने लिखित में दावा करते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने जिन 400 करोड़ के विकास कार्यों को झूठा बताया है, वह दस्तावेजों में दर्ज होने के साथ-साथ धरातल पर दिखाई भी दे रहे हैं। इन कार्यों में प्रमुख सड़कों का उन्नयन, पुल-पुलिया निर्माण, विद्युतीकरण और विभिन्न शासकीय भवनों का जीर्णोद्धार शामिल है। श्री साहू ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा, /"कांग्रेस का 'झूठ का पुलिंदा' और 'विकास विरोधी' मानसिकता बेनकाब हो चुकी है। भाजपा विकास कार्य के दम पर बात करती है, जबकि कांग्रेस सिर्फ बयानबाजी में महारत हासिल किए है।/" उन्होंने जोर देकर कहा, /"इन विकास कार्यों पर सवाल उठाना सीधा-सीधा धरसींवा की लाखों जनता के लिए हो रहे विकास का अपमान है।

### कांग्रेस हमेशा से विकास विरोधी : कौशल साहू

विधायक निधि और सीएसआर फंड गायब होने के बेबुनियाद आरोपों पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्री कौशल साहू ने जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, /"कांग्रेस के नेता शायद जनाधार खोने की हताशा में इस तरह के झूठ एवं भ्रम का पुलिंदा तैयार कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा से विकास विरोधी है और सिर्फ दो वर्ष में हुए करोड़ों के विकास से तिलमिलाए हुए है। श्री साहू ने पलटवार करते हुए पूछा, /"कांग्रेस यह बताए कि उनके कार्यकाल में विधायक निधि और सीएसआर फंड कहाँ जाता था?/" उन्होंने स्पष्ट किया कि विधायक निधि का उपयोग सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट और मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में हो रहा है, जिसका ब्यौरा सार्वजनिक है।

### कांग्रेस विकास कार्यों को पचा नहीं पा रही : शकुंतला सेन

धरसींवा जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सेन ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी सकारात्मक विकास की हमेशा विरोधी रही है। जब धरसींवा के इतिहास में पहली बार इतने बड़े और जनहितकारी कार्य हो रहे हैं, तो कांग्रेस इसे 'जुमला' कहकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। विधायक जी की रिपोर्ट कार्ड सत्य और प्रमाण पर आधारित है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता।श्रीमती सेन ने आगे कहा कि कांग्रेस को केवल विरोध की राजनीति करने के बजाय, धरसींवा की जनता के हित में हो रहे इन विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, धरसींवा की जनता अब समझदार है। वह जानती है कि कौन उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए ज़मीनी स्तर पर काम कर रहा है, और कौन केवल राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश में विकास में बाधा डाल रहा है।

## जमीन की बिक्री दरों में 5 से 9 गुना की वृद्धि अव्यावहारिक गाइडलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नई कलेक्टर गाइडलाइंस में जमीन दरों में 5 से 9 गुना तक की तीव्र वृद्धि के खिलाफ ग्रामीण किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिला पंचायत सदस्य वतन अंगनाथ चन्द्राकर ने एसडीएम पैकरा मैडम को एक विस्तारपूर्वक आवेदन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पृथक एवं व्यावहारिक गाइडलाइन बनाए जाने की मांग की है।

वतन चन्द्राकर ने लिखा है कि नई गाइडलाइन के अनुसार गांवों की जमीन का मूल्य अचानक कई गुना बढ़ा दिया गया है। जहां पहले एक एकड़ जमीन का अनुमानित मूल्य 10 लाख रुपये दर्ज होता था, वहीं अब वही जमीन 60 से 70 लाख रुपये तक मूल्यांकित की जा रही है। यह वृद्धि कागजों में भूमि की कीमत बढ़ने का भ्रम तो पैदा करती है, परंतु वास्तविक बाजार में इससे मांग घटने, खरीददार पीछे हटने और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने का खतरा अधिक है।उन्होंने कहा कि किसान पहले ही कर्ज, बढ़ती कृषि लागत और मौसम की अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। ऐसे में जमीन की गाइडलाइन दरों में इतनी अधिक वृद्धि ने जमीन की रजिस्ट्री लगभग ठप कर दी है। किसान अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन बेचने की स्थिति में भी नहीं रह गया है।

उन्होंने चेताया कि यदि तत्काल पुनर्विचार नहीं किया गया तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। वतन चन्द्राकर की मुख्य माँगो में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पृथक एवं व्यावहारिक कलेक्टर गाइडलाइन तैयार की जाए। किसानों की औसत आय, आर्थिक स्थिति, भूमि उपयोग और वास्तविक बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम एवं तर्कसंगत वृद्धि लागू की जाए।

## कुम्हारी सोसाइटी में धान खरीदी में अनियमितता से किसानों में आक्रोश

**सिलयारी।** कुम्हारी सहकारी समिति में धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर किसानों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सोसाइटी में धान तौलने की प्रक्रिया में कई समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिसके कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि तौल केंद्र पर कई दिनों से सुबह और शाम लंबी कतारें लगी रहती हैं। हालांकि, मशीनों के ठीक से काम न करने और कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या से परेशान होकर कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी फसल का वजन कम दिखाने और नमी अधिक बताने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों ने कहा कि धान खरीदी में भेदभाव भी किया जा रहा है, जिसके चलते कुछ किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है जबकि अन्य को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस स्थिति से नाराज किसान अब जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि कुम्हारी सोसाइटी की कार्यप्रणाली की जांच की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

## चटोद के नवनियुक्त प्राचार्य पांडेय ने दिया न्योता भोज

**आरंग।** शासकीय हाई स्कूल चटोद के नवनियुक्त प्राचार्य जयंत कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को स्नेह भरा 'न्योता भोज' आयोजित कर अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल चटोद के सभी विद्यार्थियों को बड़ी प्रसन्नता के साथ खीर, पूरी, मिठाई और नमकीन परोसा गया। इस खास मौके पर सभी शिक्षक बंधुओं ने नव-नियुक्त प्राचार्य पांडेय सर का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य पांडेय ने अपने संबोधन में शैक्षणिक गुणवत्ता



स्तर को बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, "बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर बढ़ाने के लिए हम सभी शिक्षकों को सामंजस्य बनाकर उच्च कार्यालय एवं शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना होगा।" संकुल समन्वयक कुसुम लता कुर्रे ने भी सभा को संबोधित किया और सभी विद्यालयों का परिचय देते हुए उनकी गतिविधियों से अवगत कराया, जिससे सभी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

इस प्रेरक एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन में शैक्षिक समुदाय के सदस्य मनोज जांगड़े, कुसुम लता कुर्रे, एस. डेनियल, रीना शर्मा, लिलेश्वरी वर्मा, चंदा गुप्ता, पद्मिनी वर्मा, राजू लाल पोर्टे, दिनेश्वरी वर्मा, तारा बंजारे, संतोष कुमार जोशी, सुरेश यादव, प्रदीप साहू आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## धनेली में नाली निर्माण अधूरा 5 फीट का गड्ढा बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम धनेली के वार्ड क्रमांक 17 में पंचायत द्वारा स्वीकृत नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराज़गी उत्पन्न हो रही है। पंचायत ने नाली के निर्माण का कोड जारी किया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। लगभग 5 फीट गहरा यह गड्ढा अब स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान हमेशा से लोगों की आवाजाही वाला क्षेत्र रहा है। यहां बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में यह गहरा गड्ढा किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय निवासियों ने सरपंच और उपसरपंच की लापरवाही और मनमानी पर भी सवाल उठाए हैं, जिन्होंने कई दिनों से इस कार्य को अधर में लटका रखा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नाली निर्माण कार्य को तत्काल पूरा किया जाए और अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि जनहानि की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने उच्च अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप करने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी अपील की है। ग्रामीणों की इस समस्या पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके। धनेली सरपंच लोकेश नारंग से संपर्क मोबाइल के माध्यम से संपर्क करने कोशिश मोबाइल से संपर्क नहीं पाया।





### काम जल्दी शुरू किया जाएगा

सचिव संतोष वर्मा संतोष वर्मा सचिव के द्वारा कहा गया है कार्य प्रगति पर जल्द से जल्द काम चालू कराया जएगा को ठेकेदारक द्वारा काम बंद कर दिया गया है।

### गोवा में शादी, व्यवसायी परिवार...

ये भी फ्लाइट इंडिगो की थी। विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों की हड़ताल के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। कई यात्रियों ने इस लेट-लतीफी के कारण अपनी जरूरी मीटिंग तथा अन्य कार्य छूट जाने की बात कही। कुछ यात्री इस विलंब के कारण परेशान भी नजर आए। संभवतः पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई, जब इतनी बड़ी संख्या में यात्री विमानों ने निर्धारित समय से विलंब से उड़ान भरी।

### संगीत समारोह में होना...

था। पुराने शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट को सुबह उड़ान भरना था, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया। यात्रियों से कहा गया कि उनके लिए फ्लाइट डायवर्ट कर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, लेकिन देर शाम तक ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद शादी में तय समय पर नहीं पहुंच पाने से गुस्साए यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद अन्य विमान के यात्रियों ने भी अपना विरोध दर्ज कराना शुरू किया।

### मंडल के स्लीपर कोच यात्रियों...

बेडरोल सुविधा से ट्रेन में यात्रियों को ज़्यादा आराम मिलेगा और सफर भी सुविधाजनक होगा। चेन्नई मंडल में शुरू की गई इस सेवा के तहत स्लीपर कोच के यात्रियों को स्वच्छ, सैनिटाइज चादर और तकिया दिए जा रहे हैं। रायपुर मंडल में इस मॉडल को अपनाने के लिए चेन्नई के अधिकारियों से बातचीत जारी है। यह सुविधा टिकट के साथ बुकिंग के समय ली जा सकेगी। चलती ट्रेन में बेडरोल उपलब्ध नहीं होंगे, इसलिए यात्रियों को पहले से यह तय करना होगा कि उन्हें सेवा चाहिए या नहीं।

<B>25 से 50 रुपए में मिल सकेगा बेडरोल<B>

## पेज 11 के शेष...

मंडल के अधिकारियों ने बताया कि गरीब रथ की तर्ज पर यह सेवा शुरू करने की योजना है। गरीब रथ में यात्रियों को बेडरोल के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता है। यदि चेन्नई मॉडल को अपनाया गया तो इसकी कीमत 50 रुपए तक हो सकती है। रेलवे की ओर से ट्वीट कर दी गई जानकारी के अनुसार, इस बेडरोल पैक में चादर, तकिया और तकिए का कवर शामिल रहेगा। इसके अलावा यदि यात्री को केवल चादर की जरूरत है तो वह 20 रुपए में मिलेगी और तकिया व कवर के साथ चाहिए तो उसके लिए 30 रुपए चुकाने होंगे।यह सुविधा वैकल्पिक होगी, यानी टिकट के साथ बेडरोल बुक करना अनिवार्य नहीं रहेगा। यात्री अपनी सुविधा और इच्छा अनुसार इसका चयन कर सकेंगे। हालांकि, गरीब रथ की तरह इसमें भी चलती ट्रेन में बेडरोल खरीदने का विकल्प नहीं होगा। इसलिए स्लीपर कोच के लिए टिकट बुकिंग के समय ही यात्रियों को बताना होगा कि वे यह सेवा लेना चाहते हैं या नहीं।

<B>सिर्फ 10 ट्रेनों में पायलट प्रोजेक्ट<B>

इस योजना को लेकर चेन्नई डिवीजन की बात करें तो इस सुविधा को शुरुआती चरण में 10 ट्रेनों में लागू कर रहा है। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो रेलवे इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा सकती है। रायपुर मंडल में भी इसी मॉडल को टेस्ट-फेज में लागू किया जाएगा। शुरुआत में लंबी दूरी की ट्रेनों में शुरू किया जा सकता है, जिससे यात्रियों को अधिक लाभ मिले।

### बूढ़ातालाब किनारे...

जूते-चप्पल, दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें लगाने से ट्रैफिक बाधित होने की समस्या देखी जा रही थी। नगर निगम के टीम प्रहरी ने गुरुवार को अभियान चलाकर मुख्य मार्ग को नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए उपलब्ध कराया। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर टीम प्रहरी, नगर निवेश टीम उड़नदस्ता और जोन 4 की टीम ने संयुक्त रूप से इस अभियान में सहभागिता निभाई। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति रही।

### नवंबर के बिजली बिल में लगेगा...

वहीं दिसंबर का तय शुल्क भी लिया जाएगा, लेकिन इस माह एक राहत वाली बात यह रहेगी कि इस माह से 200 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होने के कारण 400 यूनिट तक खपत करने वालों को राहत रहेगी।

बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया।



## खबर संक्षेप

### कॉपी होल्डर के मॉडल आंसर जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा कॉपी होल्डर, प्लेट मेकर, प्रिंटर ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर सहित अन्य पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए है। मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर भी यह भर्ती हुई थी। 30 नवंबर को आयोजित इस भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति 9 दिसंबर तक मंगाई गई है। इसके बाद अंतिम उत्तर जारी कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## निधन

### मनन अग्रवाल



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी मनन अग्रवाल का निधन हो गया। उसका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे ललित मोहन अग्रवाल के पौत्र एवं राज अग्रवाल के पुत्र थे।

### ईश्वरी देवी रूपानी



रायपुर। सृष्टि इम्पीरिया अवंति विहार निवासी ईश्वरी देवी रूपानी (82) का 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसंबर को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मुरली, जयप्रकाश रूपानी की माता और मनोहर लाल, बृजेश कुमार रूपानी की चाची थीं।

### हरीशचंद्र साहू



रायपुर। अमलेश्वर डीह निवासी हरीशचंद्र साहू (53) का 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में 5 दिसंबर को किया जाएगा। वे छोटूलाल साहू के पुत्र, कमलेश के पिता और पत्रकार दिलीप साहू के बड़े भाई थे।

# नगर निगम ने आधा दर्जन औद्योगिक कंपनियों से किया अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

रायपुर नगर निगम आधा दर्जन औद्योगिक इकाइयों को अपने 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल का विक्रय करेगा। इसके लिए निगम ने संबंधित कंपनियों से अनुबंध किया है। 6 औद्योगकि इकाइयां नगर निगम से अपनी-अपनी डिमांड के अनुसार प्रतिदिन 103 एमएलडी उपचारित पानी क्रय करेंगी। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

इसके साथ ही कुछ कंपनियों ने टैंकर के माध्यम से ट्रीटेड वाटर औद्योगिक उपयोग के लिए ले जाना शुरू कर दिया है। कुछ इकाइयां प्लांट तक इस पानी को पहुंचाने पाइप लाइन बिछा रही हैं। यानी कारा, निमोरा और चंदनीडीह में लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल अब उद्योगों के काम आएगा। दअसल, जीवनदायिनी खारुन नदी में राजधानी सहित आसपास के इलाकों के 17 नाले व नालियों का गंदा पानी सीधे जाने से नदी का पानी दूषित होने लगा है।

नदी को दूषित होने से बचाने रायपुर नगर निगम ने अमृत मिशन योजना के तहत कारा, निमोरा और चंदनीडीह में तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कराया है। निमोरा में 90 एमएलडी, कारा में 35 एमएलडी और चंदनीडीह में 75 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित है। इससे एक ओर जहां सीवरेज को उपचारित कर दोबारा उपयोग में लाया जाना संभवन हुआ है, वहीं इससे नदी का जलस्तर बढ़ेगा।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक कारा, निमोरा और चंदनीडीह में स्थापित एसटीपी से उनकी क्षमता का 70 फीसदी उपचारित पानी औद्योगिक इकाइयों को विक्रय किया जा सकता है। इससे नगर निगम को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल भुगतान में आसानी होगी।

### एसटीपी से उपचारित पानी लेने इन औद्योगिक इकाइयों ने किया अनुबंध

| | |
|---|---|
| रायपुर पॉवर प्लांट | 68 एमएलडी |
| एनएसपीसीएल भिलाई | 18 एमएलडी |
| आलोक फैरो | 3 एमएलडी |
| एपीआई इस्पात कंपन | 5 एमएलडी |
| मां कुंडलगढ़ी | 2 एमएलडी |
| इस्पात लिमिटेड ब्रजेश स्टील | 7 एमएलडी यानी 70 लाख लीटर उपचारित पानी प्रतिदिन |

- निगम को कारा, निमोरा, चंदनीडीह के एसटीपी के संचालन में होगी सहूलियत
- भूजल स्त्रोत होगा संरक्षित, सीवरेज के पानी को उपचारित कर औद्योगिक इकाइयों में उपयोग

- 103 एमएलडी उपचारित जल लेने को तैयार



### ग्राउंड वाटर की होगी बचत

आधा दर्जन औद्योगिक इकाइयों ने 103 एमएलडी उपचारित जल क्रय करने डिमांड की। उनके साथ चर्चा के बाद अनुबंध किया गया है। इससे एक ओर ग्राउंड वाटर की बचत हो सकेगी, दूसरी ओर उपचारित जल का विक्रय कर उससे मिलने वाली राशि से एसीटीपी संचालन में सहूलियत होगी।

**- पी. राजेश नायडू,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

## रिमांड हासिल कर रैकेट के बारे में तस्कर से पुलिस कर रही पूछताछ

# नहीं थम रही ड्रग तस्करी, पंजाब के ट्रक ड्राइवर से पांच लाख का हेरोइन चिट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पंजाब बेस्ड ड्रग तस्करी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। कबीर नगर थाना क्षेत्र के बाद आमानाका थाने की पुलिस ने पंजाब के एक ड्रक ड्राइवर के कब्जे से पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत का हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड हासिल की है। तस्कर से पूछताछ कर पुलिस रैकेट के बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने पंजाब, तरण तारण निवासी बघेल सिंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बघेल सिंग को जेपी गार्डन के सामने सरोना रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है, वह पंजाब से माल खाली करने आया था। साथ ही वह अपने साथ पंजाब से पैकेट में छिपाकर हेरोइन चिट्टा लाया था। किसके मंगाने पर बघेल सिंग ने पंजाब से हेरोइन चिट्टा मंगाया था, पुलिस इस संबंध में बघेल सिंग से पूछताछ कर रही है। आरोपी के मोबाइल को जांच के लिए भेजा गया है।

### छह दिन पूर्व कबीर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जब्त किया था एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का हेरोईन चिट्टा

**मुखबिर की सूचना पर बघेल सिंग को जेपी गार्डन के सामने सरोना रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया**




### 11 महीने में चार करोड़ का नशीला पदार्थ जब्त

*राजधानी पुलिस नशा के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसके साथ ही कोर्ट में मादक पदार्थों की अवैध खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफ काफी सख्त है। एनडीपीएस के आरोपियों को सालभर के भीतर सजा सुनाई जा रही है। सजा 10 से लेकर 20 साल तक मिल रही है। इसके साथ ही ड्रग तस्करों पर कोर्ट भारी-भरकम जुर्माना लगा रही है। बावजूद इसके ड्रग तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर पिछले 11 महीने में चार करोड़ रुपए से ज्यादा का नशीला पदार्थ जब्त किया है। मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पुलिस अब तक चार सौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।*

### हर सप्ताह पहुंच रहा डोडा के साथ हेरोइन चिट्टा

*पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद ट्रक ड्राइवरों के जरिए हर सप्ताह हेरोइन, डोडा और अफीम शहर में पहुंच रहा है। छह दिन पूर्व कबीर नगर थाने की पुलिस ने धरमपुरा निवासी कमलेश अरोड़ा को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। कमलेश हेरोइन की तस्करी करने के साथ खुद भी नशा करता है। कमलेश पूर्व में अपने लिए हेरोइन मंगाता था, बाद में उसने खुद भी तस्करी शुरू कर दी। वह घूम-घूमकर हेरोइन बेचता था और उससे होने वाली कमाई से अपना खर्चा चलाता था।*

# हत्या कर लाश कोरबा के जंगल में फेंकी, दो आरोपियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- पत्नी पर बुरी नीयत रखने की आशंका में की हत्या
- एक वर्ष पूर्व कबीर नगर थाना क्षेत्र की घटना

कबीर नगर थाना क्षेत्र में पत्नी पर बुरी नीयत रखने की आशंका पर युवक की हत्या के आरोप में कोर्ट ने दो लोगों को उम्र कैद तथा पांच-पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एट्रोसिटीज कोर्ट में हुई है। आरोपियों ने युवक को शराब पीने के बहाने बुलाया और गला दबाकर तथा सिर पर गाड़ी के व्हील पाना से मारकर हत्या कर लाश कोरबा स्थित पाली के जंगल में फेंक दी थी।

अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार कोर्ट ने शोहेब खान की हत्या के आरोप में चंद्रशेखर साहू तथा मुकेश यादव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट में पुलिस द्वारा पेश केस डायरी के मुताबिक शोहेब की मां ने 10 अप्रैल 2024 को अपने बेटे की गुमशुदगी की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान पुलिस को कोरबा स्थित पाली के जंगल में एक अज्ञात युवक की अधजली लाश मिलने की सूचना मिली। पहनावा के आधार पर पुलिस तथा परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी जांच कर मुकेश तथा चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया।

### पार्टी देने के बहाने बुलाकर की हत्या

चंद्रशेखर को शोहेब पर अपनी पत्नी के साथ बुरी नीयत रखने की आशंका थी। शोहेब को सबक सिखाने चंद्रशेखर ने अपने साथी मुकेश के साथ मिलकर योजना बनाई। योजना के मुताबिक आठ अप्रैल 2024 को शराब पार्टी के बहाने धरसींवा के एक सूनसान जगह पर बुलाया। तीनों शराब पी रहे थे। इस दौरान चंद्रशेखर ने शोहेब का गला दबया। मुकेश ने गाड़ी के व्हील पाना से शोहेब के सिर तथा आंख के पास वार कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या करने के बाद लाश छिपाने चंद्रशोखर ने अपने मिनी डोर में शोहेब की लाश को डाला और कोरबा, पाली के जंगल ले गया और मृतक की पहचान छिपाने शरीर में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी।

## बिजनेस साइट

### डॉ. अनूप वर्मा को मिला प्रतिष्ठित 'प्रो. पीएएम कुंजू ओरेशन' सम्मान



रायपुर। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ और बाल-तंत्रिका विज्ञान के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. अनूप वर्मा को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित 'प्रो. पीएएम कुंजू ओरेशन' सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान भारत में पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चुनिंदा विशिष्ट अकादमिक विशेषज्ञों को प्रदान किया जाता है।

डॉ. वर्मा पिछले 37 वर्षों से छत्तीसगढ़ के बच्चों के उपचार, शोध और शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके व्यापक क्लीनिकल अनुभव और अकादमिक नेतृत्व ने रायपुर को पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजी के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। इस सम्मान को उनके जीवनभर की प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता और बाल-तंत्रिका विज्ञान को आगे बढ़ाने की प्रेरणादायी यात्रा का प्रतीक माना जा रहा है। इससे पूर्व भी डॉ. वर्मा अनेक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय ओरेशन प्राप्त कर चुके हैं। नवीनतम सम्मान ने उन्हें देश के चुनिंदा अग्रणी बाल-तंत्रिका विशेषज्ञों की श्रेणी में और अधिक सुदृढ़ किया है।

### आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर में हाई रिस्क ऑब्स्टेट्रिक्स वर्कशॉप संपन्न



रायपुर। आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर में इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स की 72वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस के तहत हाई-रिस्क ऑब्स्टेट्रिक्स वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में देशभर से एनेस्थीसिया, स्त्री-रोग और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हाई-रिस्क गर्भावस्था के प्रबंधन, नवीनतम तकनीकों और क्लिनिकल बेस्ट प्रैक्टिसेज पर उन्नत प्रशिक्षण एवं हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित किए गए। वर्कशॉप का नेतृत्व कोर्स डायरेक्टर डॉ. सुनील पांड्या और स्पेशलिटी एक्सपर्ट डॉ. अंजू ग्रेवाल ने किया। समन्वयक के रूप में डॉ. सोनल बजपेयी, डॉ. अभिनव शुक्ला और डॉ. मनीषा शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। ग्रुप सीओओ डॉ. विशाल गोयल और डॉ. सौरभ चोरड़िया ने कहा कि आईएलएस हॉस्पिटल्स चिकित्सा शिक्षा और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। वरिष्ठ फैकल्टी द्वारा एनेस्थीसिया सेफ्टी, मातृ जोखिम प्रबंधन और सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण पर विशेष सत्र लिए गए। वर्कशॉप ने क्षेत्र में सुरक्षित मातृत्व देखभाल को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नवकार हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने पूरे किए तीन सफल वर्ष




रायपुर। नवकार हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी स्थापना के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। 'आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य' की भावना के साथ शुरू हुए इस संस्थान ने न्यूरोसर्जरी और स्पाइन केयर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अत्याधुनिक तकनीक, आधुनिक उपकरणों और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के साथ अस्पताल ने बीते वर्षों में हजारों मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया है। अस्पताल के प्रमुख न्यूरोसर्जन डॉ. राजेश जैन ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य जटिल मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों का समय पर और सटीक इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, मरीजों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। हम लगातार बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए प्रयासरत हैं। अस्पताल में सिर की चोट, रीढ़ की हड्डी की समस्याएं, ब्रेन व स्पाइनल ट्यूमर, हाइड्रोसेफेलस, मेनिंगोसील सहित स्लिप डिस्क और माइक्रो एंडोस्कोपी जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध हैं। तीन वर्षों की यह यात्रा उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और नवाचार का प्रतीक बन चुकी है।

# मैच के बाद स्टेडियम परिसर में फैला कचरा हजारों पानी की बोतलें और पैकेट छोड़ गए दर्शक





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आज से स्टेडियम में चलेगी सफाई, दर्जन गाड़ियों की लगेगी मदद

बुधवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए वनडे मुकाबले के बाद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के चारों ओर कचरा फैल गया। गुरुवार सुबह स्टेडियम परिसर और दर्शक दीर्घाओं में बड़ी संख्या में पानी की खाली बोतलें, खाने-पीने के पैकेट और अन्य कचरे का ढेर नजर आया। मैच देखने के लिए करीब 70 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंचे थे। भीड़ के कारण बड़ी संख्या में दर्शक खाने-पीने का सामान स्टेडियम में ले गए और इस्तेमाल के बाद खाली पैकेट और बोतलें वहीं छोड़ दीं। स्टेडियम के बाहर भी ऐसी ही स्थिति रही, पार्किंग क्षेत्र, एंट्री पॉइंट और सड़कों के किनारे भी गंदगी फैली रही। स्टेडियम में अब सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरुआत शुक्रवार से की जाएगी।

### मैच के बाद दिनभर चला सफाई अभियान

भारत-साउथ अफ्रीका मैच के अगले दिन गुरुवार को पूरे दिन स्टेडियम में कचरा हटाने का काम चलता रहा। दर्शक दीर्घाओं से लेकर ग्राउंड और पार्किंग एरिया तक हर जगह बड़ी मात्रा में कचरा फैला हुआ मिला। सफाई कर्मियों ने सभी स्टैंड से खाली बोतलें, खाने-पीने के पैकेट और अन्य कचरे को इकट्ठा किया, लेकिन इन्हें खुले में ही छोड़ दिया गया। कुछ हिस्सा परिसर के बाहर फेंक दिया गया, जिससे आसपास की सफाई पर भी असर पड़ा। स्टेडियम के चारों तरफ और पार्किंग एरिया में भी गंदगी बनी हुई है। सफाई अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए स्टेडियम के हर कोने में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है।

# देवपुरी मार्ग पर सड़क पेंचवर्क उखड़ने लगी बजरी, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एमएमआई चौराहा से देवपुरी आने-जाने का मार्ग
- गड्ढा पाटने और सड़क मरम्मत का चल रहा काम

नगर निगम जोन 10 सीमा क्षेत्र के डूमतराई से देवपुरी मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण द्वारा सड़क पेंचवर्क और मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता सही नहीं होने से जिन जगहों पर पेंचवर्क कार्य कराया जा रहा है, वहां से सड़क अभी से उखड़ने लगी है। इसकी वजह से भीड़भाड़ वाली सड़क पर बजरी बिखरने से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। साथ ही इस मार्ग से आने-जाने वाले परेशान हैं। ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से जाम की स्थिति बन रही है।

राजधानी से लगे डूमतराई क्षेत्र से देवपुरी मार्ग पर इन दिनों लोक निर्माण विभाग की सड़क पर हुए गड्ढों का पेंचवर्क कार्य की निगरानी नहीं होने से अनुबंधित एजेंसी इस कार्य में लापरवाही बरत रही है। भारी वाहनों की आवाजाही इस मार्ग में ज्यादा है, ऐसे में सड़क पेंचवर्क सही तरीके से नहीं किए जाने और स्पेस छोड़कर डामरीकरण करने से गड्ढे वाली जगह की बजरी बाहर आ रही है। इससे गाड़ियों के स्लिप होने का खतरा बना हुआ है। नुकीले गिट्टी और सड़क पर बिखरी बजरी को वहां से हटाने की जरूरत है। देवपुरी, डूमतराई के रहवासियों का कहना है इस ओर यदि जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो इसकी शिकायत संबंधित विभाग में की जाएगी।

## पेज 11 के शेष ...

### गोवा में शादी, व्यवसायी परिवार ने...

ये भी फ्लाइट इंडिगो की थी। विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों की हड़ताल के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। कई यात्रियों ने इस लेट-लतीफी के कारण अपनी जरूरी मीटिंग तथा अन्य कार्य छूट जाने की बात कही। कुछ यात्री इस विलंब के कारण परेशान भी नजर आए। संभवतः पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई, जब इतनी बड़ी संख्या में यात्री विमानों ने निर्धारित समय से विलंब से उड़ान भरी।

### संगीत समारोह में होना...

था। पुराने शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट को सुबह उड़ान भरना था, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया। यात्रियों से कहा गया कि उनके लिए फ्लाइट डायवर्ट कर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, लेकिन देर शाम तक ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद शादी में तय समय पर नहीं पहुंच पाने से गुस्साए यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद अन्य विमान के यात्रियों ने भी अपना विरोध दर्ज कराना शुरू किया।

### मंडल के स्लीपर कोच यात्रियों को भी...

बेडरोल सुविधा से ट्रेन में यात्रियों को ज़्यादा आराम मिलेगा और सफर भी सुविधाजनक होगा। चेन्नई मंडल में शुरू की गई इस सेवा के तहत स्लीपर कोच के यात्रियों को स्वच्छ, सैनिटाइज चादर और तकिया दिए जा रहे हैं। रायपुर मंडल में इस मॉडल को अपनाने के लिए चेन्नई के अधिकारियों से बातचीत जारी है। यह सुविधा टिकट के साथ बुकिंग के समय ली जा सकेगी। चलती ट्रेन में बेडरोल उपलब्ध नहीं होंगे, इसलिए यात्रियों को पहले से यह तय करना होगा कि उन्हें सेवा चाहिए या नहीं।

**25 से 50 रुपए में मिल सकेगा बेडरोल :** मंडल के अधिकारियों ने बताया कि गरीब रथ की तर्ज पर यह सेवा शुरू करने की योजना है। गरीब रथ में यात्रियों को बेडरोल के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता है। यदि चेन्नई मॉडल को अपनाया गया तो इसकी कीमत 50 रुपए तक हो सकती है। रेलवे की ओर से ट्वीट कर दी गई जानकारी के अनुसार, इस बेडरोल पैक में चादर, तकिया और तकिए का कवर शामिल रहेगा। इसके अलावा यदि यात्री को केवल चादर की जरूरत है तो वह 20 रुपए में मिलेगी और तकिया व कवर के साथ चाहिए तो उसके लिए 30 रुपए चुकाने होंगे।यह सुविधा वैकल्पिक होगी, यानी टिकट के साथ बेडरोल बुक करना अनिवार्य नहीं रहेगा। यात्री अपनी सुविधा और इच्छा अनुसार इसका चयन कर सकेंगे। हालांकि, गरीब रथ की तरह इसमें भी चलती ट्रेन में बेडरोल खरीदने का विकल्प नहीं होगा। इसलिए स्लीपर कोच के लिए टिकट बुकिंग के समय ही यात्रियों को बताना होगा कि वे यह सेवा लेना चाहते हैं या नहीं।

**सिर्फ 10 ट्रेनों में पायलट प्रोजेक्ट :** इस योजना को लेकर चेन्नई डिवीजन की बात करें तो इस सुविधा को शुरुआती चरण में 10 ट्रेनों में लागू कर रहा है। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो रेलवे इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा सकती है। रायपुर मंडल में भी इसी मॉडल को टेस्ट-फेज में लागू किया जाएगा। शुरुआत में लंबी दूरी की ट्रेनों में शुरू किया जा सकता है, जिससे यात्रियों को अधिक लाभ मिले।

**स्लीपर में भी शुरू होने पर बढ़ सकती है चुनौती :** ट्रेनों के एसी कोच में लगातार कंबल, चादर और तकिया जैसे बेडरोल चोरी होने के मामले सामने आ रहे हैं। यह नुकसान एजेंसियों को उठाना पड़ता है, जो बेडरोल उपलब्ध कराती हैं। अब जब स्लीपर कोच में भी बेडरोल सुविधा शुरू की जा रही है, तो ऐसे मामलों में और बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। इसी कारण रेलवे ने यह सुविधा फ्री की बजाय शुल्क लेकर देने का निर्णय लिया है, ताकि इसकी जवाबदेही तय की जा सके और अनावश्यक नुकसान से बचा जा सके। अब देखना होगा कि यह योजना यात्रियों के लिए कितनी फायदेमंद साबित होती है।

### बूढ़ातालाब किनारे दुकानों पर ...

जूते-चप्पल, दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें लगाने से ट्रैफिक बाधित होने की समस्या देखी जा रही थी। नगर निगम के टीम प्रहरी ने गुरुवार को अभियान चलाकर मुख्य मार्ग को नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए उपलब्ध कराया। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर टीम प्रहरी, नगर निवेश टीम उड़नदस्ता और जोन 4 की टीम ने संयुक्त रूप से इस अभियान में सहभागिता निभाई। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति रही।

### नवंबर के बिजली बिल में लगेगा...

वहीं दिसंबर का तय शुल्क भी लिया जाएगा, लेकिन इस माह एक राहत वाली बात यह रहेगी कि इस माह से 200 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होने के कारण 400 यूनिट तक खपत करने वालों को राहत रहेगी। बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने पुस्तक का किया विमोचन

**रायपुर।** इंडियन लॉ हाउस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित नई पुस्तक "विभागीय जांच कैसे करें" का गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विमोचन किया गया। इस महत्वपूर्ण विधि-ग्रंथ के लेखक सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव केके बाजपेयी हैं। विभागीय जांच की प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक विधि एवं प्रशासनिक कार्यों से जुड़े सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### स्कूल में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस



**रायपुर।** बजाज कालोनी सेक्टर-1 न्यू राजेंद्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसी दौरान सेन समाज के अध्यक्ष मनोज सेन का सम्मान किया गया। सेन एसोसिएशन के सदस्य समय-समय पर स्कूल आकर बच्चों के बाल निशुल्क काटते हैं। इस अवसर पर बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चे वर्तमान दौर में पूरी दुनिया को अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को स्कूल में कंप्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन बागरेचा, असीम सहगल, डॉ. नीतू वर्मा, समाजसेवी ध्रुव अग्रवाल, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

### कोटा स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**रायपुर।** कोटा स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में विगत दिनों खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट लीग का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में रायपुर जिले के 190 महिला खिलाड़ी कोच, रेफरी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन पेंचक सिलाट प्रदेश संघ के अध्यक्ष मनीष बाग एवं महासचिव शेख समीर ने किया। पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट खेल संघ के जिला सचिव बरुण बाग ने बताया कि प्रतियोगिता में 190 महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर मीनल चौबे रहीं।

# नहीं पढ़नी इंग्लिश... इग्नू को मिली सिर्फ 44 अर्जी, एमबीए का क्रेज, बीए-बीकॉम में आंकड़ा हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

इंग्लिश को लेकर स्कूली जीवन से छात्रों के मन में व्याप्त खौफ महाविद्यालयीन स्तर पर पहुंच जाने के बाद भी खत्म नहीं हो रहा है। ना केवल नियमित कक्षाओं में बल्कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से हो रही पढ़ाई में भी इंग्लिश को लेकर छात्र अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इग्नू की दिसंबर सत्र अंत की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। राजधानी में पं.रविशंकर शुक्ल विवि को इसका समन्वय केंद्र बनाया गया है। इस बार 5 हजार 200 छात्रों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है, लेकिन इनमें से एमए इंग्लिश के सिर्फ 44 छात्र ही हैं।

इसके उलट बिजनेस मैनेजमेंट को लेकर छात्रों में अत्यधिक उत्साह है। नौकरीपेशा लोग भी इसे प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि उनकी ग्रोथ हो सके। मास्टर इन बिजनेस मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के लिए एमए इंग्लिश की तुलना में दस गुना अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके लिए 435 छात्रों ने आवेदन किया है। इनमें से अधिकतर परीक्षा दिलाने पहुंच भी रहे हैं। इसके अतिरिक्त एमए हिंदी, एमए राजनीति शास्त्र, एमए इतिहास जैसे अन्य विषय जो अधिक रोजगारपरक नहीं हैं, में भी आवेदन संख्या सैकड़ा तक नहीं पहुंच सकी है।

## रविवि स्थित परीक्षा केंद्र में आयोजित की जा रही हैं इग्नू की परीक्षाएं

### प्रदान किए गए बोनस अंक

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ग्रामीण विकास सहायक अधिकारी सहित कई पद के लिए आयोजित भर्ती परीक्षाओं में रुरल डेव्लपमेंट की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों को बोनस अंक प्रदान किए गए थे। समाजिक संगठनों द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों में भी इस उपाधि की मांग होती है। यही कारण है कि छात्र इसमें भी रुचि दिखा रहे हैं। इसके लिए 214 छात्रों ने पंजीयन कराया है। मास्टर इन सोशल वर्क में अन्य वर्ष की तुलना में इस बार आवेदन संख्या थोड़ी कम रही है। 26 छात्रों ने इसके लिए पंजीयन कराया है। एमएसडब्ल्यू के स्थान पर रूरल डेव्लपमेंट में मास्टर डिग्री को छात्र अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। इसका मुख्य कारण हाल ही में निकली वैकेंसी में इस डिग्री के कारण मिले बोनस अंक हैं।



*इस बार 5 हजार 200 परीक्षार्थियों ने भरा है फॉर्म*

### प्रायोगिक कार्य के कारण बीएससी विज्ञान नहीं

बीएससी विज्ञान में प्रायोगिक कार्यों की अधिकता होती है। इस कारण इग्नू में इसके लिए पंजीयन नहीं होता है। बीएससी गणित की पढ़ाई कराई जाती है। इसके लिए लगभग 600 छात्रों ने आवेदन किया है। परंपरागत पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक मांग बीकॉम की है। इसके लिए 1600 आवेदन मिले हैं। बीए में हजार की संख्या में ही छात्र शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि सभी पाठ्यक्रम मिलाकर कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या बीते वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशत अधिक है। इग्नू की दिसंबर सत्रांत की परीक्षाएं एक दिसंबर से प्रारंभ हुई हैं। दो पाली में परीक्षाएं ली जा रही हैं।

## कल बैठक, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

# कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों की टीम संगठन मजबूत बनाने करेगी प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश के सभी नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक 6 दिसंबर शनिवार को आयोजित की गयी है। बैठक में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। जिला अध्यक्षों की टीम संगठन को मजबूत करने का प्लान बनाएगी।

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत 41 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। सभी जिला अध्यक्षों को अपने जिलों में संगठन को एकजुट करने की जिम्मेदारी के साथ ही कांग्रेस के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का जिम्मा दिया जाएगा। बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित पीसीसी के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। वे जिला अध्यक्षों को संगठन को आगे बढ़ाने के तरीके और मजबूती के संबंध टिप्स देंगे।



### कल मेनन और बंजारे लेंगे कार्यभार

इधर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक बैठक आयोजित कर 6 दिसंबर को नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के पदभार ग्रहण को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि कार्यभार ग्रहण के दिन सभी वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही पीसीसी के पदाधिकारी और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी बुलाया जाएगा। आपसी समन्वय से कार्यक्रम को पूरा करने की जिम्मेदारी तय की गई है।

### 14 को एसआईआर पर प्रदर्शन, दिल्ली जाएंगे कांग्रेसी

वहीं बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित एसआईआर पर होने वाले विशाल जन प्रदर्शन पर भी रणनीति बनाई गई। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों को इस बड़े आंदोलन में सक्रिय और संगठित भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। सभी पदाधिकारियों ने आंदोलन की आवश्यकता और उसकी गंभीरता पर राय व्यक्त की तथा इस प्रदर्शन को पूरी मजबूती के साथ सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। आंदोलन के अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने और जाने वाले साधन को लेकर विचार किया गया। बैठक में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनीता शर्मा, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, नंदलाल देवांगन, आकाश तिवारी, ममता राय, नवीन चंद्राकर, संजय सोनी, प्रशांत ठेंगड़ी, अशोक ठाकुर, सतनाम पनाग, देवकुमार साहू, दिनेश ठाकुर, मनोज कंदोई, बंशी कन्नौजे, अविनय दुबे, जी श्रीनिवास, राकेश धोतरे, प्रवीण चंद्रकार, सत्तू सिंह, आकाश दीवान, मो. फहीम, अनिल रायचुरा, गंगा यादव, कशिश चंद्रकार, पूनम यादव, मोहसिन खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसआईआर : बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म में 70 प्रतिशत ही जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- उत्तर विधानसभा के कई वार्डों में कांग्रेस प्रभारी ने किया दौरा

रायपुर उत्तर विधानसभा में कांग्रेस कमेटी द्वारा एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा बांटे गए गणना पत्रक की कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी लगातार मानिटिरंग कर रहे हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने वार्डो का दौरा कर बीएलओ और बीआरओ हर बूथ की जानकारी प्राप्त की। बताया गया है कि एसआईआर के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, शंकर नगर वार्ड क्रमांक के अंतर्गत 3 वार्डो में एसआईआर के



अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड 34 में के 12 बूथों 11736 फार्म बांटे गए जिसमें से 8712 फार्म वापस प्राप्त हुए। वहीं गुरु गोविंद सिंह वार्ड 29 के 12 बूथों में 12865 मतदाता में से 11645 फार्म बांटें गए जिसमें 10215 वापस प्राप्त हुए। शंकर नगर वार्ड के 16 बूथ में कुल 12454 फार्म बांटें गए जिसमें 9721 वापस प्राप्त हुए। इन के साथ ही कालीमाता वार्ड हेमू कल्याणी वार्ड सहित आस पास के वार्डो में 70 प्रतिशत से अधिक फार्म भरे जा चुके हैं। सभी बीएलओ सहित इस कार्य में बड़ी इमानदारी से कार्य कर रहे है वही कुछ जगह पर लापरवाही बरती जा रही है। आम जन उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं कि की कही अच्छे से कार्य हो रहा है कही कार्य बड़े धीमे गति से कार्य किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार द्वारा किए जा रहे इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे सभी सामाजिक संगठनों के मिले सहयोग की तारीफ की जो इस कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## कार में चेंबर बनाकर तस्करी कर गांजा मंडला ले जाते धरे गए थे

# चार गांजा तस्करों को 15-15 साल कैद, डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*एक वर्ष पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में राधा स्वामी नगर की घटना*

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनावाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, वे गांजा को तस्करी कर मध्यप्रदेश के मंडला ले जाने की फिराक में थे। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार संतोष साहू, नीरज ताम्रकार, ईतवारी नागरची तथा तुलेश्वर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को राधास्वामी नगर के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। मंडला निवासी नीरज ताम्रकार ने गांजा को मंडला ले जाने कार बुक की थी। पुलिस को चकमा देने आरोपी कार में एक विशेष चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। चेंबर से गांजा की बदबू आने पर मुखबिर ने पुलिस को गांजा तस्करी होने की जानकारी दी, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## प्रसंस्करण उद्योग से हजारों मजदूरों और किसानों की आजीविका जुड़ी

# मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट की मांग, चैंबर ने कृषिमंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शुल्क में राहत नहीं मिलने पर उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा : थौरानी

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान 2 अलग-अलग विषय पर ज्ञापन सौंपा गया। चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से करीब 50 हजार से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका सीधे तौर पर जुड़ी है। ऐसे में यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई, तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा। स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान तथा दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी,अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा- मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, संरक्षक अनिल लोचलानी, उपाध्यक्ष राकेश मंधान, डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ सदस्य पवन मंधान एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुराना संभाग कमिश्नर भवन की मरम्मत का काम शुरू 20 तारीख के बाद एसएसपी दफ्तर होगा इसमें शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर संभाग कमिश्नर के पुराने भवन में 20 दिसंबर के बाद एसएसपी दफ्तर की शिफ्टिंग का काम शुरू हो जाएगा, जो माह के खत्म होने से पहले तक कर लिया जाएगा। एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि संभाग कमिश्नर का पुराना भवन खाली हो चुका है। इस भवन में एसएसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा। शिफ्टिंग का कार्य चालू माह के खत्म होने से पहले कर लिया जाएगा। इधर एसएसपी भवन के शिफ्ट होते ही कलेक्टोरेट परिसर में प्रस्तावित पांच मंजिल नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी शुरू हो पाएगा। इस कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण कार्य को स्वीकृत हुए ढाई साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन कई कारणों से इसका निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि एसएसपी कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद नववर्ष से प्रस्तावित कार्य की शुरुआत होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### कमिश्नर के कक्ष में लगेगा एसएसपी का दरबार

सूत्रों के अनुसार पुराना संभाग भवन में जिस कक्ष में संभाग कमिश्नर महादेव कावरे बैठते हैं, उसी कक्ष में एसएसपी लाल उम्मेद सिंह का दरबार लगेगा। इसके अलावा इस भवन में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों के लिए भी कक्ष बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस भवन में जहां कोर्ट लगता था तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बैठते थे, उन कक्षों में एसएसपी कार्यालय में लगने वाले अन्य दफ्तरों को शिफ्ट किया जाएगा।

### *30 करोड़ की लागत से बनेगी नई बिल्डिंग*

*एसएसपी भवन को तोड़ने के बाद लगभग 30 करोड़ की लागत से पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इस बिल्डिंग के एक हिस्से में कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तर तथा दूसर हिस्से में एसएसपी कार्यालय के दफ्तर शिफ्ट होंगे। नई बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त एवं आधुनिक होगी। सूत्रों की मानें तो इस नई बिल्डिंग में कलेक्टर का दफ्तर नहीं होगा। कलेक्टर अपने पुराने दफ्तर में ही बैठेंगे।*

### *अंग्रेजों के जमाने का एसएसपी भवन अब टूटेगा*

*कलेक्टोरेट में स्थित एसएसपी भवन अंग्रेजों के जमाने का है। इस भवन की जगह ही नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इस भवन को तोड़ा जाएगा।*

### खाली होने के बाद कमिश्नर भवन के रेनोवेशन का काम जारी

संभाग कमिश्नर का पुराना भवन खाली होने के बाद अब यहां एसएसपी कार्यालय शिफ्ट होगा। शिफ्टिंग से पहले पुराने भवन को रेनोवेशन किया जा रहा है। इसके लिए सभी कमरों की साफ-सफाई से लेकर खराब हो चुकी दीवारों की रंगाई भी कराई जा रही है। रेनोवेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होनी थी, लेकिन एसआईआर का कार्य चल रहा है, वहीं 14 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है। इसके मद्देनजर शिफ्टिंग का कार्य भी अब 20 दिसंबर के बाद ही शुरू किए जाने की संभावना है।

# अग्रवाल समाज ने मनाया महालक्ष्मी वरदान दिवस, विधि-विधान से की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अगहन मास की पूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा गुरुवार को महालक्ष्मी वरदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल और महामंत्री पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में विधि-विधान से मां महालक्ष्मी और भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर युवा अग्रवाल मंच के अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महालक्ष्मी वरदान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अगहन मास पूर्णिमा का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए विशेष महत्व रखता है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सीताराम अग्रवाल, विष्णु गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश केडिया, निर्मल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, नारायण अग्रवाल, कमल गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनीता पोद्दार, रेणु पोद्दार, अमिता सिंघानिया, पूनम अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मानस अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, त्रिपत जैन, दिनेश अग्रवाल, अशोक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## इस दौरान कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

# रायपुर मंडल में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य, 10 पैसेंजर ट्रेन के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बता दें कि यह कार्य 6 से 7 दिसंबर को होगा, जिसे 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, तो वहीं झारसुगुड़ा से चलने वाली



68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी बिलासपुर व गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। दोनों तरफ से यह गाड़ी प्रभावित रहेगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, आप पर...

## लाइव इवेंट

### रेलवे में अप्रेंटिसशिप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 22 दिसंबर अंतिम तिथि




**रायपुर।** भारतीय रेलवे पटियाला रेल इंजन वर्क में अप्रेंटिसशिप के कुल 225 पदों के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार रेलवे में अंप्रेटिसशिप करना चाहते हैं, वे जल्द ही ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 22 दिसंबर तक इन पदों पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा फीस जमा करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर निर्धारित की गई है। अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु की गणना 22 दिसंबर के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष व अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

#### इतनी होनी चाहिए शैक्षणिक योग्यता

अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा आठवीं व बारहवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता भी होनी चाहिए। अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए प्रोसेसिंग फीस 100 रुपए निर्धारित की गई है। इसके अलावा एससी एवं एसटी, ओबीसी, दिव्यांग और महिला उम्मीदवारों को प्रोसेसिंग फीस में छूट प्रदान की गई है। यह युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसके माध्यम से युवा रोजगार के सपने को पूरा कर पाएंगे।

## स्टूडेंट्स एवं कामकाजी लोगों में मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति नया ट्रेंड

# युवाओं में जुम्बा डांस का बढ़ा क्रेज, पढ़ाई-ऑफिस वर्क का स्ट्रेस दूर भगाने फिटनेस की ज्वाइन कर रहे स्पेशल क्लासेस

शहर के युवाओं में जुम्बा डांस का क्रेज बढ़ता जा रहा है। ऑफिस वर्क और पढ़ाई के बाद रिफ्रेशमेंट के लिए बड़ी संख्या में युवा वर्ग जुम्बा डांस की स्पेशल क्लास ज्वाइन कर रहे हैं। राजधानी की जानी-मानी जुम्बा डांस क्लास टीचर अमीषा शुक्ला बताती हैं कि शहर में तेजी से हर वर्ग में जुम्बा डांस को लेकर अवेयरनेस आया है। इसमें स्टूडेंट्स, कामकाजी महिलाएं-पुरुष शामिल हैं, जो जुम्बा डांस क्लास ज्वाइन कर खुद को तन व मन से तरोताजा बना रहे हैं।

**रायपुर।** डांस एक परफेक्ट वर्कआउट है। माइंड स्ट्रेस, वजन बढ़ना, कार्डियक एक्सरसाइज के तौर पर जुम्बा डांस एक परफेक्ट एक्टिविटी है। जुम्बा एक ऐसा फॉर्म है, जो न केवल फिट रखता है, बल्कि जिसे करते हुए कोई बोर भी नहीं होते। यही वजह है कि आजकल हर उम्र के लोग जुम्बा करना पसंद कर रहे हैं। जुम्बा डांस क्लास ज्वाइन करने वाले लोग इसका आनंद उठा रहे हैं। इससे कई तरह की मानसिक व शारीरिक समस्याओं से निजात पाकर युवा व महिलाएं परफेक्ट फिट लाइफ स्टाइल जी रहे हैं। इससे हेल्थ, फिटनेस और पर्सनैलिटी तीनों ही गीत-संगीत की धुन पर 30 से 40 मिनट की ब्रेक जुम्बा डांस से ग्रूम हो जा रही है। यही वजह है कि सिटी में जुम्बा डांस क्लासेस का क्रेज युवाओं व महिलाओं, स्टूडेंट्स में बढ़ता जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं, बोर्ड एग्जाम की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स व युवावर्ग माइंड रिफ्रेशमेंट के तौर पर जुम्बा क्लास में आकर तरोताजा महसूस कर रहे हैं। इसके बाद स्वस्थ तन व मन के साथ अपने लक्ष्य की तैयारी में जुट जा रहे हैं। जुम्बा डांस क्लासेस आज समय व सेहत की मांग बन गई है।



### जुम्बा डांस एक्सपर्ट के टिप्स

जुम्बा डांस एक्सपर्ट निखिल वर्मा का कहना है कि इस सुपर इफेक्टिव एक्सरसाइज के साथ कुछ चीजों का ध्यान रखना जरूरी होता है। सही जूते पहनना, पर्याप्त वार्मअप और कूलडाउन करना, पानी पीना और नियमित रूप से अभ्यास करना शामिल है। इसके अलावा आनंद पर ध्यान केंद्रित करना, धैर्य रखना और अपनी प्रगति का आनंद लेना भी महत्वपूर्ण है। जुम्बा डांस क्लासेस से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच भी करा लेना उचित होगा, ताकि डांस के दौरान किसी तरह की अतिरिक्त स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से बचा जा सके।




### गीत-संगीत क्लासेस भी बन रही युवाओं की पसंद

कला केंद्र के कलाकार राहुल ठाकुर का कहना है कि केंद्र में ऐसे युवा व बड़े वर्ग के लोग गीत-संगीत की गतिविधियों में मन लगा रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग शामिल हैं, जो स्कूल, कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। वे म्यूजिक क्लासेस को न सिर्फ कला प्रतिभाओं के अभ्यास के लिए, बल्कि मन की एकाग्रता और रिफ्रेशमेंट के लिए ज्वाइन किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि गीत-संगीत का अभ्यास भी एक तरह से मन को शांत और तरोताजा बनाता है। यही वजह है कि गीत-संगीत से भी स्ट्रेस दूर करने की थैरेपी के तौर पर युवा जुड़ रहे हैं।

### पैरेंट्स के साथ ज्वाइन कर रहे फिटनेस क्लास

फैमिली सदस्य साथ में जुम्बा, योगा जैसे फिटनेस क्लासेस ज्वाइन कर रहे हैं। यह एक तरह से लोगों में परिवार के स्वस्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता ही है। परिवार के बड़े सदस्यों के साथ बच्चे भी योग, जुम्बा जैसे फिटनेस एक्सरसाइज का अनुसरण कर खुद को सेहतमंद बनाने की दिशा में अवेयर हो रहे हैं। जब परिवार स्वस्थ बनेंगे तो समाज भी स्वस्थ बनेगा। इस तरह से यह एक अच्छी पहल फिटनेस के प्रति बढ़ी है।

## सिटी इवेंट

### स्टेक होल्डर कंसल्टेशन प्रोग्राम में महानदी को प्रदूषण रहित बनाने विशेषज्ञों ने दिए आइडियाज



**रायपुर।** एनआईटी द्वारा स्टेक होल्डर कंसल्टेशन प्रोग्राम का गुरुवार को आयोजन किया गया। यह स्टेक होल्डर कंसल्टेशन प्रोग्राम ऑन कंडीशन असेसमेंट एंड मैनेजमेंट प्लान फॉर महानदी रिवर बेसिन एंड स्टेट स्पेसिफिक एक्शन प्लान फॉर वाटर सेक्टर इन छत्तीसगढ़ का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन एनआईटी रायपुर और जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिवनाथ भवन नवा रायपुर में आयोजित किया गया। प्रोग्राम में सबसे पहले डॉ. समीर बाजपेई ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद सेंटर फॉर महानदी रिवर बेसिन के सदस्यों और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सोनी ने सेंटर फॉर महानदी द्वारा महानदी की अविरल धारा के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे महानदी का निर्बाध प्रवाह बना रहे।

#### कार्यक्रम निर्मल धारा के बारे में दी जानकारी

डॉ. क्षितिज उपाध्याय ने इस कार्यक्रम के तहत भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रम निर्मल धारा के बारे में जानकारी दी और कहा कि भविष्य में महानदी के पानी को प्रदूषण रहित रखने के आपसी सामंजस्य से विभिन्न प्रयास किए जाएंगे, ताकि महानदी का पानी और इसका नदी तंत्र प्रदूषण रहित रह सके। इस दौरान राजेश कुमार टोप्पो, सचिव, जल संसाधन विभाग, डॉ. समीर बाजपेई, सेंटर हेड एंड समन्वयक, सी महानदी रिवर बेसिन, जेआर भगत, इंजीनियर इन चीफ, जल संसाधन विभाग और केएस गुरुवर, चीफ इंजीनियर जल संसाधन विभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. इश्तियाक अहमद, प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर और डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी, प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर, सी महानदी रिवर बेसिन, डॉ. संदीप सोनी, सीनियर प्रोजेक्ट साइंटिस्ट, सी महानदी रिवर बेसिन, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. अमित कुमार शुक्ला, डॉ. क्षितिज उपाध्याय, प्रोजेक्ट साइंटिस्ट, सी महानदी रिवर बेसिन एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद रहे।

#### नर्मदा, गंगा, गोदावरी और ब्राम्हणी नदी का भी करेंगे अध्ययन

डॉ. शशिकांत वर्मा ने स्पेसिफिक एक्शन प्लान फॉर वाटर सेक्टर इन छत्तीसगढ़ के तहत जानकारी देते हुए कहा कि इस प्लान के तहत महानदी व अन्य नदी तंत्रों जैसे नर्मदा, गंगा, गोदावरी और ब्राम्हणी का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। इस अध्ययन के तहत इन नदियों के सतही जल और भूमिगत जल की जानकारी और इसके विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, मछलीपालन इत्यादि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा। अंत में सभी विभागों के उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया गया कि सम्बंधित विषय से जुड़ी अपने-अपने क्षेत्र विशेष की समस्याओं और मुद्दों के बारे में जानकारी दें, ताकि इस समस्याओं का उचित समाधान प्राप्त किया जा सके।

शादी, विंटर फैस्टिवल सीजन के लिए फैशन की तलाश

# वेडिंग रिसेप्शन आउटफिट में शरारा हैवी वर्क सूट गर्ल्स की पहली पसंद

**रायपुर।** शादी के सीजन में गर्ल्स अपने फैशन स्टाइल को लेकर खास पजेसिव हैं। वे शहर के फैशन हाउसेस में मनपसंद व बजट पर सूट, ड्रेसेस खरीदने में जुटी हुई हैं। साथ ही शादी, पार्टी या घर में रोजाना पहनने के लिए सूट की लेटेस्ट डिजाइन खोज रहे हैं। इसके अलावा फैशन डिजाइनर्स से भी कुछ यूनिक स्टाइल में ड्रेस डिजाइन करा रही हैं। शहर के गोलबाजार स्थित गर्ल्स फैशन हाउस के संचालक विवेक अग्रवाल ने बताया कि विंटर, वेडिंग और फेस्टिवल्स को लेकर गर्ल्स में पहनावे को लेकर क्रेज है। वे कंफर्ट, स्टाइलिश और बजट के अंदर आउटफिट कैरी कर रहे हैं। इनमें शादी, पार्टी या घर में पहनने के लिए शरारा से लेकर हैवी वर्क सूट डिजाइन आइडियाज हर गर्ल्स को कपड़ों का बहुत शौक होता है। जब भी किसी के शादी, घर के पार्टी या कोई भी छोटे फंक्शन में जाना होता है तो सबसे पहले वह उस खास ओकेशन के लिए आउटफिट प्लान करने लग जाते हैं। लड़की हो या शादीशुदा महिला, सूट पहनना उनकी फैशन लिस्ट में जरूर शामिल होता है।



### लेटेस्ट सूट डिजाइन मार्केट में ट्रेंड

ऐसे में आजकल फैशन की दुनिया में भी काफी बदलाव हो गया है और कई तरह के लेटेस्ट सूट डिजाइन मार्केट में बहुत ट्रेंड कर रहे हैं। अगर किसी की शादी में जाने या घर में पहनने के लिए सूट की डिजाइन खोज रही हैं तो शरारा से लेकर फ्लोरल सूट के लेटेस्ट डिजाइन बेस्ट विकल्प है। शरारा सूट आज के फैशन की दुनिया में बहुत ट्रेंडी है। सुंदर फैब्रिक से बने शरारा सूट पार्टी और शादी के फंक्शन के लिए परफेक्ट है। वहीं किसी शादी, मेहंदी या हल्दी के मौके पर जाने का प्लान कर रही हैं तो ये शरारा सूट डिजाइन पहनने के लिए बेस्ट होगी।

### कीमत 1000 से 5000 तक

पुरानी बस्ती स्थित फैशन हाउस के संचालक अर्जुन साहू ने बताया कि शादी, विंटर और फेस्टिव सीजन के लिए रॉयल लुक पाने गर्ल्स नए फैशन आउटफिट तलाश रहे हैं। हमारे यहां इसके लिए सभी तरह की वैरायटी में आउटफिट उपलब्ध हैं। इनकी कीमत की बात करें तो 1 हजार से 5 हजार रुपए तक के बजट में न्यू गर्ल्स फैशन आउटफिट उपलब्ध करा रहे हैं। इनमें एक से बढ़कर एक न्यू गर्ल्स फैशन शादी पार्टी, रिसेप्शन, विंटर सीजन और फेस्टिवल के लिए परफेक्ट है।

# अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चैंटिंग समारोह में शहर की बरखा को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**रायपुर।** बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थल बिहार के बोधगया में 20वां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चैंटिंग समारोह का आयोजन का शुभारंभ हुआ। बुधवार को इस समारोह में शामिल होने 27 देशों से बौद्ध अनुयायी और विद्वान पहुंचे हुए हैं। 3 दिसंबर को समारोह के आधिकारिक थीम सांग बुद्धगया...बुद्धगया..'की लाइव प्रस्तुति की गई ...मंच पर लॉन्च हुए इस गीत को प्रसिद्ध गायिका बरखा कश्यप बिसेन ने अपना स्वर दिया। इस गीत के रचनाकार पंचशील सेवा संस्थान के देवेंद्र सोनटके रहे।

इस थीम गीत की अपनी मधुर आवाज में बोधगया के कालचक्र मैदान में जैसे ही बरखा कश्यप बिसेन ने प्रस्तुति दिया। वहां मौजूद हजारों लोगों और दुनिया के कई देशों में लाइव प्रसारण देख रहे अनुनायियों का मन आत्मिक शांति में डूब गया। बरखा की इस दिव्य और ऊर्जावान प्रस्तुति ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस गीत के प्रसारण के बाद कई देशों के बौद्ध अनुयायियों ने बरखा की जमकर तारीफ की है। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के बरघाट में रहने वाली बरखा ने खैरागढ़ संगीत विवि से संगीत की विधिवत शिक्षा ली है और विवाह के बाद रायपुर ही उनकी कर्मभूमि है। कई सालों से बरखा कश्यप हिंदी और छत्तीसगढ़ी गीतों की स्थापित गायिका हैं। बरखा के हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में कई एलबम लोगों का मन मोह चुका है।



## गोंडवाना महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग दिखा रहे प्रतिभा

कार्नर न्यूज

# मंच पर दिखी बचपन की मासूमियत, बच्चों के साथ बड़ों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां



*बीटीआई ग्राउंड में गुरुवार शाम गोंडवाना महोत्सव बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही नन्हे कलाकार फैंसी ड्रेस पहनकर मंच पर उतरे, दर्शकों की तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा। बच्चों ने भक्ति और देशभक्ति गीतों पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जो सभी के दिल को छू गईं।*

**रायपुर।** बॉलीवुड और हॉलीवुड के सदाबहार गीतों पर प्रस्तुति ने शाम को और भी रंगीन बना दिया। शहर के प्रसिद्ध सिंगर्स ने मंच पर एक से बढ़कर एक नगमे पेश किए और माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम संयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेले में हर दिन नए और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रोजाना हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है और मेले में सभी प्रकार की कलाकृतियां, हुनरमंद कारीगरों के स्टॉल, घरेलू उपयोग की आकर्षक वस्तुएं और मनोरंजन के अलग-अलग जोन एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।






### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने समां बांधा

बच्चों के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने अपनी मासूम अदाओं और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे कुल 12 बच्चों ने मंच पर उतरकर ऐसा समां बांधा कि हर कोई तालियां बजाने को मजबूर हो गया।किसी ने देशभक्ति का संदेश दिया, तो किसी ने परी-लोक की कल्पना को साकार किया। बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेयी, झांसी की रानी, माता दुर्गा, राधारानी, सांता क्लॉस, सिंड्रेला, परी, एंजल और यहां तक कि एआई जैसे अनोखे किरदारों की भूमिका निभाई।

**संगीत संध्या में फिल्मी गीतों की प्रस्तुति :** स्वरगंगा म्यूजिकल एवं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने संगीत संध्या में शानदार प्रस्तुतियां दीं। तुम आ गए हो... पर अजय पनिकर और मीनाक्षी केशरवानी, नखरे वाली... पर सुनील जॉर्ज, तुमने न जाना... पर अजय और हमसफर मेरे... पर बबलू नारायण ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

**सिटी लाइव**

## श्रेष्ठता शरीर में नहीं, बल्कि संस्कारों विचारों और चरित्र में होती है : डॉ. आर्य



**रायपुर।** महादेवघाट में जारी ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के अंतिम दिन क्षेत्र के वैदिक विद्वानों, संत-महात्माओं तथा श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आध्यात्मिक वातावरण को दिव्य स्वरूप दिया। राजेंद्र अग्रवाल, शिव अग्रवाल द्वारा आयोजित यह महायज्ञ 28 तारीख से निरंतर वेदमंत्रों की गुंजन के साथ संचालित रहा। महायज्ञ में डेढ़ लाख आहुतियां भक्तों द्वारा दी गईं। इसके बाद मेरठ के प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. वेदपाल आर्य ने कहा कि जीवन के हर क्षण को आनंद, हर्ष और सरलता से जीना चाहिए। ऋग्वेद का विज्ञान मानव को बताता है कि श्रेष्ठता शरीर में नहीं, बल्कि संस्कारों, विचारों और चरित्र में होती है। बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ न डालें, क्योंकि ऋग्वेद का संदेश है कि जीवन को प्रसन्न, सहज और सरस बनाकर जिएं।

### प्रशंसा व्यक्ति के जीवन का संजीवनी मंत्र

महायज्ञ की विशेषता कन्या गुरुकुल आमसेना की ब्रह्मचारिणी कन्याओं द्वारा सस्वर वेद-पाठ रहा। दामिनी आर्या, पूजा आर्या, भाविका आर्या, दीपिका आर्या सहित अन्य वेदपाठी कन्याओं ने ऋचाओं का निर्मल उच्चारण कर यज्ञस्थल को वैदिक ऊर्जा से आलोकित किया। आचार्य डॉ. कमलनारायण और आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि यज्ञ जीवन में मंगलकारक ऊर्जा का प्रवेश कराता है। 'ऋचा' का गूढ़ अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रशंसा जीवन का संजीवनी मंत्र है। जो दूसरों की प्रशंसा करते हैं, वे तनाव, अवसाद और नकारात्मकता से दूर रहते है, जबकि शिकायतें मनुष्य को भीतर से खोखला करती हैं। आयोजन में राकेश दुबे, सरोज अग्रवाल, श्यामलता बंसल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन परिवार के साथ शामिल हुए।

**धर्म लाइव**

## मैजिकल ट्रैफिक क्लास में बच्चों को दिया सड़क सुरक्षा का अनूठा संदेश



**रायपुर।** समाजसेवी संस्था "सुरक्षित भवः फाउंडेशन" द्वारा 12वें वर्ष भी राहगीरों एवं आमजनों को सुरक्षा के लिए विभिन्न नवाचारों और रचनात्मक तरीके से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 4 दिसंबर को शहर के दो शासकीय विद्यालयों में बच्चों के लिए विशेष सड़क सुरक्षा आधारित "मैजिकल ट्रैफिक सेमिनार" का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षकों को जादू के माध्यम से ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व को रोचक, व्यावहारिक तथा प्रभावी ढंग से समझाना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के संदेश को सशक्त बनाया जा सके। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संदीप धुप्पड़ ने नागपुर के प्रसिद्ध जादूगर फारुख और शकील के मैजिकल शो को सड़क सुरक्षा से जोड़ते हुए बच्चों को मनोरंजन के साथ सुरक्षा का संदेश दिया गया।

### विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन और विद्यार्थियों को दी सीख

हेलमेट की उपयोगिता, तेज गति से वाहन चलाने के खतरे, दोपहिया पर अधिक सवारी बैठाने से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी दी। लापरवाही से सड़क मार्ग को रनवे समझकर वाहन चलाने से होने वाले जोखिमों को जादू के प्रयोगों के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझाया गया। नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल ममता पाण्डेय तथा जेएन पाण्डेय स्कूल रायपुर की प्रिंसिपल सुनीता पाण्डेय के सहयोग से यह सफल आयोजन किया गया। इससे विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन और विद्यार्थियों ने "मैजिकल ट्रैफिक क्लास" की खूब सराहना की। इसे रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के ट्रैफिक प्रशिक्षक टीके भोई ने भी विद्यार्थियों को जानकारी दी। संस्था की डिप्टी डायरेक्टर मैत्री व्यास, को-ऑर्डिनेटर सुजाता सोनी एवं राजीव ने भी जरूरी जानकारी दी।

**समाज इवेंट**

## भगवान दत्तात्रेय ने भी अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाए



**रायपुर।** ब्रह्मपुरी स्थित दत्तात्रेय मंदिर में महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज के मार्गदर्शन में दत्तात्रेय जयंती पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसमें स्थानीय विधायक सुनील सोनी सहित कई अतिथि भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर का हिस्सा बने। राजेश्री महंत मंदिर परिसर में ध्वजारोहण, हवन कुंड की परिक्रमा करते हुए जयंती में सम्मिलित हुए। भगवान का दर्शन और पूजन के बाद अतिथियों एवं श्रोताओं को संबोधित किया। राजेश्री महंत ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाए। कथन का तात्पर्य है कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है। हमें उसे ग्रहण करना चाहिए। कहा भी गया है कि गुन के गाहक सहस नर, बिनु गुन लहै न कोय। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय की जयंती पर यह कहना चाहूंगा कि आप सभी समाज में एकता बनाकर काम करें। इससे समाज का विकास होगा।

### भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करें

उन्होंने आगे कहा कि हम विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण करें, यही हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। लोगों को जैतूसाव मठ ट्रस्ट के सदस्य अजय तिवारी ने भी संबोधित किया। सुबोध मनोहर पांडे द्वारा दत्त गुरु चरित पाठ किया गया। शताब्दी पांडे, हरिवल्लभ अग्रवाल तथा ट्रस्ट कमेटी के सभी सदस्यों सहित श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल हुए। भगवान की आरती संपन्न होने के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। विगत कई दिनों से जारी उत्सव की श्रृखला में महिलाओं ने भजन- कीर्तन से जयंती उत्सव को भक्तिमय माहौल दिया। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

> 'एक तरफ युवा गलत संगत की वजह से नशे की आगोश में जा रहे हैं। कई अपराध में पकड़े जाते हैं। ऐसे दौर में राष्ट्रीय कैडेट कोर का स्कूल, कॉलेज में हिस्सा रहने वाले विद्यार्थी अब भी वहां मिली अच्छी सीख को भुला नहीं पाए हैं। कइयों ने तो तय समय पर किसी काम को पूरा करने की आदत को जीवन का हिस्सा बना लिया है। सीमित संसाधन में सर्वाइव करने का भाव आत्मविश्वास के साथ जीने की कला सिखा गया। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर एनसीसी से जुड़े युवाओं ने कई रोचक जानकारियां साझा कीं, जिसे दैनिक जीवन में आदत के रूप में सहेज सकते हैं।'

# सीमित संसाधनों में सर्वाइव करना, तय समय में अपना काम पूरा करने की आदत अब भी कायम

### अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस आज : आत्मनिर्भरता के साथ पनपता है सेवाभाव, सहयोग की भावना मूल आधार



**रायपुर।** शहर के अलग-अलग कॉलेजों से पढ़ाई करने वाले और एनसीसी से जुड़े कैडेट्स ऐसी आदतों से जुड़ गए, जो अब उन्हें आत्मनिर्भरता से जोड़ती हैं। 5 दिसंबर को जहां अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया जाता है। स्वयंसेवक की भावना से जुड़ीं दुर्गा कॉलेज में बीए फाइनल की छात्रा गार्गी शर्मा ने बताया कि लखौली, आरंग, रायगढ़ सहित कई कैंप का हिस्सा रही। जहां हमें सीमित संसाधनों में किस तरह से सर्वाइव किया जा सकता है, यह समझने को मिला। समय पर किसी काम को पूरा करना, अपने सभी काम स्वयं करने की आदत बन गई। इससे आत्मनिर्भरता के साथ भरोसा बढ़ता है। साथ ही लीडरशिप किस तरह से करनी चाहिए। अपने पास मौजूद मैन पॉवर का किस तरह से उपयोग करते हुए जरूरी काम को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए किस तरह प्लानिंग से काम करने की आदत बन गई।

### दैनिक दिनचर्या में भी काफी बदलाव आया

साइंस कॉलेज की छात्रा डॉली ने एनसीसी से जुड़े अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि जीवन में कई अच्छी आदतें पढ़ाई जीवन में भी बन जाती हैं। कैम्प और निजी जीवन में भी हर काम को टाइम पर पूरा करने का फन राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ने के बाद सीखने को मिला। इसका फायदा हमें अभी तक मिल रहा है। दैनिक दिनचर्या में काफी बदलाव आया है। साथ ही आते-जाते रास्ते में किसी को परेशानी में देखकर उसकी हेल्प करने का प्रयास अभी भी करते हैं। समाज के बीच लोगों की सुविधा के लिए काम करने में गुरेज नहीं। स्कूल के दिनों में स्वयंसेवक का रोल किया और इससे जुड़ गईं।





### स्वयंसेवक का भाव बनाता है आत्मनिर्भर

कैडेट कोर का मैनेजमेंट देखने वाले सूरज मिश्रा ने बताया कि बीकॉम की पढ़ाई के दौरान एनसीसी कैडेट रहा। वहां सिखाई गई आदतें अब जीवन का मूल आधार बन चुकी हैं। आत्मनिर्भरता की भावना खुद पर भरोसा करने की आदत डालती हैं। इससे घर-परिवार के लोगों को भी राहत मिलती है। अब बच्चों में भी अच्छी आदत डालने के लिए प्रयास करता हूं। समय का सही प्रबंधन अब भी काम आता है। विकास नगर गुढ़ियारी में रहते हुए आसपास सफाई रखने के साथ ही बड़ों के सामने अदब से बात करने, किसी बात पर रिएक्ट करने से पहले विचार करने की आदत कई बार उलझनों से भी बचा लेती है।

### स्कूल में बनीं आदतें अब जीवन का हिस्सा

स्क्वाड्रन लीडर डॉ. विजय कुमार चौबे दुर्गा कॉलेज में एयर विंग एनसीसी अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि 1984-85 में जब स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहा था, उसी समय राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ा। खुद को मेंटेन करना बड़ी चुनौती होती थी। अभी सुविधा बढ़ने से चुनौतियां कम हो गई हैं। पहले कैम्प के लिए टेंट बनाते समय कई चीजों का ध्यान देना पड़ता था। खादी के ड्रेस को माड़ से धोने और सुखाने के बाद प्लेन तल वाले पात्र में गर्म कोयला डालना और कपड़े प्रेस करना तब आसान नहीं था। विगत 29 साल से सेवा से जुड़ा हूं, लेकिन स्कूल के समय बनीं आदतें अभी भी जीवन का हिस्सा हैं।

## शौर्य, क्षमा और त्याग की त्रिवेणी है गुरु तेगबहादुर साहिब का जीवन



**खालसा स्कूल 350वीं शहीदी शताब्दी पर सर्व समाज संगोष्ठी**

**रायपुर।** श्री गुरु तेगबहादुर साहिब के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष के अवसर पर रायपुर स्थित खालसा स्कूल के माता सुंदरी हॉल में सर्व समाज संगोष्ठी छत्तीसगढ़ की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि शौर्य और क्षमा के अद्भुत संयोजन से ही श्री गुरु तेगबहादुर जैसे महान व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने गुरु तेगबहादुर साहिब के जीवन, तपस्या, धर्म रक्षा और मानवता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को विस्तार से रेखांकित करते हुए बताया कि वे केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्री रामदत्त ने कहा कि जीवन के भीतर परिवर्तन लाना आसान नहीं होता, लेकिन गुरु परंपरा ने समाज को युगों से सही मार्ग दिखाने का कार्य किया है।"

### इतिहास किया साझा

विशिष्ट अतिथियों ने गुरु तेगबहादुर जी के जीवन प्रसंगों दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु तेगबहादुर जी की शहादत के साथ गुरुजी के शिष्य भाई मति दास भाई सती दास भाई दयाला जी के इतिहास को साझा किया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में ज्ञानी हरमिंदर सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से छत्तीसगढ़ में कार्य देख रहे अजीत सिंह खालसा एजुकेशन सोसायटी के राजवंत सिंह गरेवाल मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आरएसएस के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, साहित्य परिषद के शशांक शर्मा, बाल अधिकार संरक्षण अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, लोकेश कावड़िया, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एस. भामरा, मधुकर काले सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सर्व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान, धर्म रक्षा और मानवता के प्रति अद्वितीय योगदान को जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों संग केक काटकर बांटी खुशियां, न्योता भोज, गीत-संगीत पर झूमे



**जिला महिला एवं बाल विकास विभाग का आओ खुशियां बांटें प्रोजेक्ट के तहत आयोजन**

**रायपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र बैरन बाजार में आओ खुशियां बांटें प्रोजेक्ट के तहत न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आओ खुशियां बांटें प्रोजेक्ट के तहत एक प्रेरणादायी पहल की जा रही है। इस कड़ी में विभाग की पर्यवेक्षक वंदना शर्मा ने अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे बच्चों के साथ सेलिब्रेट कर खुशियां बांटीं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में न्योता भोज का भी आयोजन किया। न्योता भोज में उन्होंने बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, केला, रसगुल्ला और चॉकलेट वितरित किए। पर्यवेक्षक वंदना शर्मा ने अपना जन्मदिन होटल या अन्य स्थल पर सेलिब्रेट न कर बच्चों के चेहरे में खुशियां बिखेरने के उद्देश्य से बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर इस पल को यादगार बनाया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के साथ दिनभर खेलकूद, गीत-संगीत और बातचीत में समय बिताया। बच्चों की मुस्कान को अपनी सबसे बड़ी खुशी बताते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों को खिलौने भी भेंट किए। बता दें कि जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की इस मुहिम का शुभारंभ कलेक्टर ने किया था, जो क्रमशः जारी है। न्योता भोज कार्यक्रम एक ऐसी पहल है, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति या संगठन किसी खास मौके पर स्कूल या आंगनबाड़ी के बच्चों को भोजन करा सकते हैं।

### इंडोर स्टेडियम में दीप जलाकर सुधांशुजी महाराज ने चार दिवसीय दिव्य भक्ति सत्संग का किया आगाज

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। आचार्यश्री सुधांशु महाराज द्वारा स्थापित विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के रजत जयंती वर्ष में महाराज ने गुरु भाई-बहनों के बीच चार दिवसीय दिव्य भक्ति सत्संग का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर सत्संग का लाभ लेने के लिए भारी तादाद में श्रोता बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में पहले दिन की कथा में शामिल होने के लिए पहुंचे। जहां महाराज का स्वागत पूर्व आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्र एवं मंडल के प्रधान सुनील सचदेव सहित अन्य अधिकारियों ने किया। इसके बाद महाराज ने गुरुवार को सत्संग में कहा कि अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानते हुए कर्म करें। परमात्मा की शक्ति से जुड़कर अपना मंगल कर्म करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य सुख भी दुख के अधीन है, लेकिन सुख और दुख मनुष्य का अधीन नहीं है।*

## मनुष्य का सुख भी दुख के अधीन, लेकिन सुख और दुख लोगों के अधीन नहीं, दिव्य सत्संग में रमे श्रोता





### सत्संग में बह रही ज्ञान गंगा को करें आत्मसात

संसार में सबसे महत्वपूर्ण बात है कि व्यक्ति मोक्ष चाहता है। उसके लिए सभी को तत्व ज्ञान चाहिए। तब तक नदी को बहना होगा, जब तक वह सागर न मिल जाए। उसी तरह व्यक्ति को भी अपने लक्ष्य तक जाने के लिए नदी की तरह चलना चाहिए। सुधांशुजी महाराज ने आगे कहा कि अपने मन में जब तक भक्ति का जन्म नहीं होगा, तब तक कल्याण नहीं हो सकता। जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते तो व्यासपीठ से बह रही ज्ञानगंगा को मनोभाव से सुनें और मनन भी करें। वहीं मंडल के प्रधान सुनील सचदेव एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि रायपुर आने पर राज्य सरकार ने सुधांशुजी महाराज को राज्य अतिथि से सम्मानित किया।

### अपने आसपास के दुख के घेरे को हटाएं

विश्व जागृति मिशन द्वारा आयोजित दिव्य भक्ति सत्संग में मिशन की उपाध्यक्ष एवं योगगुरु डॉ. अर्चिका दीदी का भी आगमन हुआ है। इस अवसर पर उनका स्वागत नारी शक्ति ने किया। भक्तों को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चिका दीदी ने कहा कि अपने जीवन को कभी भी न कोसें और दूसरों को देखकर जलने की भावना को हटाते हुए परमात्मा से जुड़ें। उन्होंने कहा कि कभी भी आंतरिक मन को खराब न करें और मुस्कुराते हुए अपना जीवनयापन करें। जब भी मुस्कुराने का मौका मिले, जरूर मुस्कुराएं और इसके लिए परमात्मा का आभार करते हुए सकारात्मक रहें। अपने आसपास के दुख के घेरे को हटाएं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आरके अकादमी की 6 विकेट से शानदार जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 मे आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि आर के एकेडमी हुडको एवं पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के मध्य मैच हुआ। जिसे आरके अकादमी ने 6 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ़ द मैच वैभव नायक को पूर्व अंतरराष्ट्रीय (वेटरन) टेबल टेनिस प्लेयर एवं अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब ने 151 रन पर आउट विकेटकीपर तनुष ने सर्वाधिक 42 रन बनाएं। तन्मय जैन ने 29 रन और आदित्य कनौजिया ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में आरके अकैडमी के वैभव नायक ने 5 विकेट लिए। कप्तान हर्ष सूचक ने तीन विकेट, बी प्रशांत ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में आरके अकादमी टीम ने चार विकेट पर 154 रन बनाए। जिसमें सक्षम सिन्हा ने 62 रन, कप्तान हर्ष सूचक के नॉट आउट 28 रन, अनंत गुप्ता ने 25 रन एवं विकेटकीपर देवांश पाटिल नॉट आउट 10 रन गेंदबाजी पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब साहित्य ने दो विकेट, सत्यम ने एक विकेट और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। आज के मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डहरिया थे।

### कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने बंगाल को 85 रनो से हराया



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा चार मैच भिलाई में बंगाल अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 65.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 175 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से नितांत सिंह ने 46 रन, उनके अतिरिक्त फैज खान ने 25 तथा यश वर्दा ने 24 रन बनाए। बंगाल टीम की ओर से विराट चौहान तथा कुशाल गुप्ता ने 4-4 विकेट प्राप्त किए। बंगाल ने अपनी पहली पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट खोकर 145 रन ही बनाए। बंगाल की ओर से अगस्तया शुक्ला ने 57 रन तथा कुशाल गुप्ता ने 26 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रुद्र प्रताप देहारी ने 5 विकेट तथा रोहित यादव ने 4 विकेट प्राप्त किये. छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 101.6 ओवरों में 10 विकेट खोकर 283 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से नितांत सिंह ने 80 रन तथा फैज खान ने 43 रनों का योगदान दिया। वहीं बंगाल की ओर से रोहित ने 7 विकेट प्राप्त किये। 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल की टीम 86.5 ओवरों मे 228 रन बनाकर आल आउट हो गयी। बंगाल की ओर से अभिप्राय ने 60 रन तथा कुशाल गुप्ता ने 56 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक तथा फैज खान ने 5-5 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ मैच 85 रनों से जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की आमसभा में मिली जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की वार्षिक आमसभा बिलासपुर में हुई। सभा में सभी जिलों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। सभा में यह अवगत कराया गया कि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ ने एवं कोषाध्यक्ष ने अपने पद से त्यागपत्र प्रस्तुत किया था, जिसे आमसभा द्वारा स्वीकार किया गया। त्यागपत्र स्वीकार होने के उपरांत, सर्वसम्मिति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार राय का निर्वाचन किया गया। सभा के प्रमुख एजेंडे में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संविधान को अपनाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बहुत शीघ्र ही एएफआई के संविधान को छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया जाएगा।यह निर्णय संघ को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की नवगठित कार्यकारिणी में अवधेश कुमार त्रिवेदी–अध्यक्ष एक पद, सुरेश डी. क्रिस्टोफर– वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक पद, सुशील कुमार मिश्रा–रणविजय प्रताप सिंह–पपिंदर सिंह विल्खू-परमेश्वर राम भगत–राजेश्वर राम भगत–उपाध्यक्ष पांच पद, अमरनाथ सिंह–महासचिव एक पद शामिल हैं।

लगातार बढ़ रही है डायबिटिक फुट की समस्या

# मधुमेह का स्तर अगर बढ़ा रहता है तो सीधा असर होता है पैरों पर भी, रहें सचेत

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है, जिसमें पैरों को काटना तक पड़ सकता है।

ब्लड शुगर का अक्सर बढ़ा रहना सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। समय के साथ इसके कारण न सिर्फ टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम रहता है साथ ही ये आंखों, किडनी, हार्ट और पाचन तंत्र के लिए भी समस्याकारक है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपना शुगर कंट्रोल रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर का सामान्य स्तर 70 से 100 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर के बीच होता है। भोजन के बाद अगर आपका शुगर लेवल लगातार 130 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर या इससे अधिक बना रहता है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है। डायबिटीज की स्थिति कुछ मामलों में बहुत खतरनाक हो सकती है, कुछ लोगों को इसके कारण पैर कटाने तक की नौबत आ सकती है।



यही वजह है कि नियमित अंतराल पर अपने शुगर लेवल की जांच करते रहें और अगर ये बढ़ा हुआ रहता है तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करें।

### ब्लड शुगर बढ़े रहने के नुकसान

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है। ये कई मामलों में खतरनाक है, गंभीर स्थितियों में रोगी की जान बचाने के लिए पैरों को काटना तक पड़ सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, डायबिटीज की गंभीर स्थिति रक्त वाहिकाओं को क्षतिग्रस्त करने लग जाती है, जिसके कारण कुछ लोगों को डायबिटिक फुट बीमारी का खतरा हो सकता है।

### क्या है डायबिटिक फुट बीमारी?



पुणे स्थित एक अस्पताल में एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ आमिर काजी बताते हैं, डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या जिसमें पैरों की नसों को नुकसान पहुंचने लगता है, इसके कारण अक्सर पैरों में दर्द, झुनझुनी और सुन्नता बनी रहती है। इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो पैर की उंगलियां और अन्य हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है जिससे कोशिकाएं डेड होने लग जाती है।

पैरों पर काले धब्बे दिखना इसका संकेत है, शुगर बढ़े रहने के कारण ये अल्सर में बदलने लगते हैं। इस स्थिति में प्रभावित हिस्से को काटने तक की भी नौबत आ सकती है। पैरों में इसका असर अधिक देखा जाता रहा है।



### डायबिटिक फुट में क्या दिक्कत होती है?

डायबिटिक फुट और अल्सर की समस्या मधुमेह वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगियों में देखी जाती है। पैरों में रक्त का संचार कम हो जाने के कारण वहां की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं जिसके कारण सड़न और घाव हो सकती है। पैरों की उंगलियों, तलवे या ऊपरी सतह पर सड़न और घाव होने की स्थिति में सुधार न होने पर प्रभावित हिस्से की सर्जरी करनी होती है जिससे अन्य हिस्से को बचाया जा सके। इस तरह की समस्या को जानलेवा भी माना जाता है। कुछ लोगों के पैर से डिस्चार्ज होने लग जाता है। यह समस्या तेजी से बढ़ने लगती है और पूरे पैर में भी फैल सकती है। पैरों में काले दाग, फफोले, असामान्य सूजन, जलन, लालिमा, नीले निशान और अजीब गंध जैसे डायबिटिक फुट के संकेतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

# वास्तु के अनुसार बेडरूम में लगाएं नाइट बल्ब, रात में आएगी अच्छी नींद

अगर आपको हल्की रोशनी में सोना अच्छा लगता है तो आपको वास्तु के अनुसार नाइट बल्ब को अपने बेडरूम में लगाना चाहिए। रात में हर व्यक्ति के सोने का अपना अलग तरीका होता है। जहां कुछ लोग कमरे में पूरी तरह से अंधेरा करके सोना पसंद करते हैं। अगर कमरे में थोड़ी सी भी लाइट होती है तो उन्हें नींद ही नहीं आती है। वहीं इससे ठीक उलट कुछ लोगों को अंधेरे में डर लगता है या फिर वे कंफर्टेबल फील नहीं करते हैं। ऐसे में वे नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते हैं। वास्तु के अनुसार भी कमरे में हल्की मध्यम रोशनी में सोना काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है। अगर आपको भी लाइट में सोना पसंद हैं और आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करती हैं तो आपको वास्तु की कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको अपने बेडरूम में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए

**सही दिशा में लगाएं बल्ब**-जब आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको दिशाओं की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। हमेशा दक्षिण पूर्व दिशा या उत्तर पश्चिम दिशा के कोने में ही नाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। आपको कभी भी भूलकर भी दक्षिण पश्चिम दिशा में नाइट बल्ब या नाइट लैंप नहीं लगाना चाहिए।

**यूं चुनें कलर**-नाइट बल्ब लगाते समय आपको



रंगों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आपके नाइट बल्ब का कलर लाइट ग्रीन हो। आपको कभी भी बेडरूम में रेड कलर के नाइट बल्ब का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी नींद खराब होती है। सपने भी अच्छे नहीं आते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो व्यक्ति रात में चौंककर उठ जाता है। कई बार न्यूली मैरिड कपल अपने कमरे में रेड कलर के नाइट बल्ब को लगाना पसंद करते हैं। अगर आपकी ऐसी इच्छा है तो आप बहुत ही लाइट रेड जो येलो नाइट बल्ब होने का अहसास करवाती है, उसका इस्तेमाल करें।

**अगर छत पर हो** -लोग बेडरूम में अलग-अलग तरह से नाइट बल्ब लगवाना पसंद करते हैं। इन दिनों छत पर भी नाइट बल्ब लगाने का चलन काफी बढ़ गया है। अगर आप अपने बेडरूम में इस तरह से नाइट बल्ब लगाना चाहती हैं तो ध्यान दें कि उसकी सीधी रोशनी आपके शरीर पर ना पड़े। इसे वास्तु अनुसार अच्छा नहीं माना जाता।

# झटपट तैयार करें मजेदार हॉट चॉकलेट



चाय और कॉफी अपनी जगह है, लेकिन क्या आपने गर्मागर्म चॉकलेट ड्रिंक का मजा लिया है? आज आपको बताएं कि कॉफी रेस्तरां में मिलने वाली यह एक्सपेंसिव ड्रिंक आप घर पर कैसे बना सकते हैं।

सर्दियों में चाय और कॉफी का मजा अपनी जगह है, लेकिन पिछले कुछ समय में हॉट चॉकलेट ड्रिंक ने भी अपनी एक अलग जगह बनाई है। चॉकलेट और दूध से बनी यह गाढ़ी ड्रिंक ठंड में गले को आराम देती है। इससे ज्यादा आरामदायक ड्रिंक सर्दियों में कुछ और हो नहीं सकती है। हॉट चॉकलेट अमेरिका और यूरोपीयन मार्केट में बहुत ज्यादा लोकप्रिय है। इसे चॉकलेट को शेव और मेल्ट करके बनाया जाता है। आमतौर पर लोग इसे व्हिपड क्रीम और मार्शमैलो से गार्निश करके सर्व करते हैं। इसकी मिठास कम होती है, लेकिन कसिस्टेंसी गाढ़ी होती है और इस वजह से इसका स्वाद अच्छा लगता है। क्या आपको पता है कि इस ड्रिंक को कुछ 3000 साल पहले सबसे पहले बनाया गया था। जी हां, ऐसा माना जाता है कि यह ड्रिंक एज्टेक कल्चर का अहम हिस्सा होती थी। इसके काफी लंबे समय बाद यह यूरोप और मेक्सिको में फेमस हुई। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि 19वीं सदी में इसे पेट संबंधी बीमारियों के लिए भी उपयोग में लाया जाता था। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह स्पाइस्ड वर्जन में भी आता है। इटली, स्पेल और अमेरिका के कुछ एरिया ऐसे हैं जहां हॉट चॉकलेट के कई वर्जन आपको मिलेंगे।



# अपने बच्चों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूर सिखाएं ये योगासन

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मार्ग की तरह है। शिक्षा प्राप्त करने बच्चे स्कूल जाते हैं। स्कूल में बच्चों को हर दिशा में निपुण बनाने के लिए कई विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अक्सर बच्चे किसी विषय में कमजोर होते हैं, जिस पर उन्हें अधिक ध्यान लगाने की जरूरत होती है। वहीं कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं, जिसके लिए वह घंटे पढ़ाई करते हैं।

हालांकि घंटों बैठकर पढ़ने से अक्सर बच्चों को अनिद्रा, आंखों में जलन, सिर दर्द या शरीर दर्द जैसी समस्या भी होने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित न होने पाने की शिकायत भी आम है। अगर आपका बच्चा भी स्कूल व कोचिंग की घंटो क्लास लेता है, या अपने कमरे में बैठकर घंटों पढ़ाई करता है, तो उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। बच्चे को शारीरिक तौर पर सक्रिय रहने की भी जरूरत होती है और मस्तिष्क को आराम देना भी जरूरी होती है।

### ध्यान केंद्रित करने के लिए योग



पढ़ाई करते समय अक्सर बच्चों को ध्यान केंद्रित नहीं होता। इस कारण उनका मन भटकता रहता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। लगातार किताब लेकर बैठने का अर्थ पढ़ाई करना नहीं होता। बच्चा पढ़ाई पर फोकस कर सके, इसलिए वृक्षासन का अभ्यास कराएं। इस योग से शरीर का संतुलन बना रहता है और ध्यान एकाग्र करने में मदद मिलती है।

### वृक्षासन के अभ्यास का तरीका

वृक्षासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।

### आंखों को आराम देने के लिए योग

लगातार पढ़ाई से आंखों में दर्द होने लगता है और नजर कमजोर होने की शिकायत भी हो सकती है। आंखों को आराम देने और नजर तेज करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। इस योग से फेफड़ों, कानों और नाक पर भी असर होता है।

### भस्त्रिका प्राणायाम का तरीका

इस आसन को करने के लिए सुखासन की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ें।

### शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग



एक ही स्थान पर बैठकर घंटों पढ़ाई करने से शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है। गलत पोजीशन में बैठकर पढ़ने या सिर झुकाकर पढ़ाई करने से पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या हो जाती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

एक चार्जिंग में 60 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
आसान किस्तों में 0% डाऊनपेमेंट में
BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टाट
नये युग की ई-स्कूटर
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744
छत्तीसगढ़ में डीलरशीप के लिये संपर्क करें

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

BIG BULL ECO FRIENDLY सेल्स | सर्विस | स्पेयर्स
ई- रिक्शा & ई-लोडर
ई- रिक्शा Prize 1.65 लाख लीथियम बैटरी के साथ
पुरानी बैटरी लाएं नयी लीथियम बैटरी ले जायें
ई-लोडर में 1.5 टन की क्षमता
माइलेज 150 कि.मी.
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध सब्सिडी के साथ
डीलर : शुभ मार्केटिंग
डीलरशीप के लिए सम्पर्क करें:- भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

गंजेपन से पाएं आजादी
सिर्फ 1 घण्टे में
राजगढ़ द ब्यूटी सलोन एवं हेयर विग सेंटर
(पुरूष एवं महिला के लिए)
● Hair Patch ● Hair Extension ● Hair Wig ● Hair Topper
पहले बाद में
पता: राधा कृष्ण मंदिर के पास, टिकरापारा थाना, मेन रोड, छत्तीसगढ़ नगर, रायपुर, मो. 9926943380

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की एडिटर के साथ जंगल में हुआ था खौफनाक हादसा



'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। ये कहानी है 'गेम ऑफ थ्रोन्स' एडिटर कैथरीन चैपल की जिनके साथ एक ऐसा भयानक हादसा हुआ जो रोंगटे खड़े कर देने वाला है। घूमने की शौकीन 29 साल की कैथरीन चैपल का ये दर्दनाक किस्सा साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक जंगल सफारी के दौरान की है, जहां पार्क में एडवेंचर के लिए वो टूर गाइड के साथ पहुंची थीं। बाकी सभी टूरिस्ट की तरह कैथरीन भी अपने कैमरे से जंगल के राजा शेर की तस्वीरें खींचना चाहती थीं। उन्होंने पहले शेर-शेरनी की तस्वीरें खींची और अगले ही पल ये एडवेंचर एक भयानक हादसे में बदल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया और आगे की ओर झपटा। खुली खिड़की की वजह से उसने कैथरीन को क्षत-विक्षत कर दिया। ये कहानी है 1 जून 2015 की, जब कैथरीन के साथ उनकी मौत भी इस जंगल सफारी पर मंडरा रही थी।

### टॉलीवुड

## अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने पर ऋषभ ने जाहिर की खुशी



हाल ही में गोवा में हुए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। 'कांतारा चैप्टर 1' डायरेक्टर ऋषभ ने भी यहां शिरकत की थी। ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा' और 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए देश और दुनिया भर में बतौर फिल्ममेकर और अभिनेता एक अलग जगह बना ली है। यह चर्चित डायरेक्टर, एक्टर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहुंचे। इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनकर वह काफी खुश हैं। 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहुंचकर ऋषभ शेट्टी ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि दूसरी बार इस फिल्म फेस्टिवल में आया हूं। हम सब सिनेमा का जश्न मना रहे हैं। पूरी इंडियन फिल्म इंडस्ट्री यहां मौजूद है। मैं यह देखकर बहुत खुश हूं। ऐसे फिल्म फेस्टिवल नई पीढ़ी के फिल्ममेकर्स को इंस्पायर करते हैं। इस आयोजन को करवाने के लिए मैं गोवा सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं।

ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए भारतीय परंपरा, संस्कृति की कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा। इस फिल्म ने लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने का एक मौका दिया। फिल्म में आस्था का एक धार्मिक पक्ष था, वहीं लोककथा का रोमांच भी था। साथ ही फिल्म में जबरदस्त एक्शन सीन्स भी दर्शकों को पसंद आए थे। इस फिल्म में ऋषभ शेट्टी ने लीड रोल निभाया है, साथ ही फिल्म का डायरेक्शन भी किया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 900 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। साल 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' बनीं।

### भोजपुरी

## अंजना की फिल्म 'भाभी मेरी मां' का फर्स्ट लुक आउट जारी, बड़ी बहू के रोल में दिखेंगी एक्ट्रेस



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म 'भाभी मेरी मां' जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देगी। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें अंजना सिंह घर की बड़ी बहू के रूप में नजर आ रही हैं। पोस्टर रिलीज कर उन्होंने कैप्शन दिया, 'फिल्म 'भाभी मेरी मां' का फर्स्ट लुक जारी हो गया है और ट्रेलर जल्द ही सामने आने वाला है।' राज किशोर प्रसाद राजू द्वारा निर्देशित फिल्म 'भाभी मेरी मां' में अंजना सिंह के अलावा, गौरव झा, अपर्णा मलिक, सुशील सिंह, माया यादव, प्रियांशु सिंह, जयप्रकाश सिंह, सोनिया मिश्रा, ललित श्रीवास्तव, रिंकु आयुशी यादव, संगीता राय, प्रकाश जैस, और विक्की जैसे कलाकार हैं। फिल्म की कहानी सुरेंद्र और विवेक मिश्रा ने लिखी है और इसे वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स के बैनर तले रिलीज किया जा रहा है। अभिनेत्री अंजना सिंह भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम कर दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है। उनके गाने भी रिलीज होते रहते हैं। हाल ही में अभिनेत्री की कुछ फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें 'छोटकी दीदी बड़की दीदी', 'मासूम हाउसवाइफ', 'आपन कहाय वाला के बा', और 'किसान बहुरिया' शामिल हैं, जबकि उनकी 'बेलन वाली बहू', 'चटोरी बहू-2', 'कुश्ती', और 'महिमा गायत्री मां की' जल्द आने वाली हैं। वहीं, 'कुश्ती' फिल्म का पोस्टर रिलीज हो चुका है, जिसमें वो रेसलर बनी हैं। फिल्म का ट्रेलर आना बाकी है। फैंस एक्ट्रेस के इस अवतार को देखने के लिए बेताब हैं। शनिवार को अभिनेत्री की फिल्म 'बेलन वाली बहू' का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर हुआ है।

### पुतिन के देश से

जरूरी नहीं कि पूरा कलेक्शन रशियन स्टाइल से प्रेरित हो, लेकिन क्रिश्चियन लैक्रोइक्स फॉल 2025 कई वजहों से चर्चा में रहा। यह हाउते कॉउचर कलेक्शन अपने फिनाले शोस्टॉपर के तौर पर जाना जाता है। यहां मॉडल व्लादा रोस्लीकोवा रशियन दुल्हन से प्रेरित एक ऐसे आउटफिट में बाहर निकलीं, जो सपनों जैसा होता है। बाइज़ेंटाइन स्टाइल से प्रेरित हेडपीस के साथ गोल्ड एप्लीक उस पारंपरिक ऑर्थोडॉक्स एलिगेंस को दिखाते हैं, जिसे कई युवा रशियन दुल्हनें पाना चाहती हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत दौरे पर हैं, ऐसे में यह परंपरागत स्टाइल एक अलग छटा बिखेर रही है।



लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, आप पर रहेंगी सभी की नजरें

हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं। आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

-ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है।

गर्मियों में जिस कल की नेलपॉलिस आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है। इनको लगाने से पहले आप नेल्स को कोई शेप दे देती हैं, तो अच्छा रहेगा। वैसे भी इस समय फ्रेंच शेप नाखून काफी ट्रेंड में हैं।



सर्दियों में ज्यादा बेस मेकअप का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आप सुंदर दिखने की जगह आप कुछ और ही असर पड़ेगा। सर्दी कितनी भी हो, आप फाउंडेशन और मॉश्चराइजर इस्तेमाल करें, जिसमें एपीएफ की मात्रा ज्यादा हो। -सर्दी में भी आप परफ्यूम इस्तेमाल करें। मैरिज सेरेमनी में आपको बोल्ड और ब्राइट कलर्स का ऑप्शन चुनना चाहिए, जिससे आपको लंबे समय तक फ्रेश लुक मिलेगा। -मैट फिनिश के लिए आपको मॉइश्चराइजर फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपके स्किन को स्मूथ लुक भी मिलेगा। शिमर और ग्लिटर के स्थान पर हाईलाइटर का इस्तेमाल करें, जिससे स्किन शिमरी नहीं, बल्कि ग्लो करेगी।

## सर्दी के लिए ऐसे चुनें जिमवियर एक्सरसाइज करते हुए स्टाइल



सर्दी में वैसे भी स्टाइल गड़बड़ हो जाती है। अब इस पर भी जिम के कपड़े हों तो मामला और कठिन ही होता है, मगर कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाए तो सर्दी के जिम वियर में भी आप पर्फेक्ट ही दिखेंगे। जिम वियर में भी स्टाइल में रहना है तो आपको ये टिप्स फॉलो करने होंगे। इन टिप्स के साथ आप 'आउट ऑफ फैशन' कभी नहीं होंगे। इन टिप्स पर नजर डाल लेते हैं-

### लेयरिंग से बनिए स्टाइल पर्फेक्ट



लेयरिंग के साथ जिम के कपड़ों में भी स्टाइल का तड़का लगाया जा सकता है। वैसे भी सर्दी में लेयरिंग फैशन का सबसे कारगर फंडा होती है। इसके लिए पहली लेयरिंग कुछ ऐसी पहनिए जो फिटिंग वाली हो। इसके ऊपर से जॉगर्स और हुडी पहनिए। इसके ऊपर से आप कुछ स्टाइलिश जिम वाली जैकेट पहन सकते हैं।

### ये रंग करेंगे कमाल

सर्दी में जिम वियर भी ऐसे चुनें, जिनके रंग म्यूटेड हों। ऐसे रंगों को सिर्फ कपड़ों में नहीं बल्कि जिम एक्सेसरीज में भी इन्हीं रंगों को चुनें। म्यूटेड कलर वो होते हैं जो ब्राइट नहीं होते हैं बल्कि हल्के डल से होते हैं और अच्छे भी लगते हैं।

### सर्दी के कपड़ों में भी फिटिंग

ज्यादातर बार ये होता है कि सर्दी के कपड़ों में लोग लुक्स तो देखते हैं लेकिन फिटिंग पर ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन जिम वियर की बात आए तो इनमें फिटिंग देखना जरूरी हो जाता है। बैगी स्टाइल के कपड़े जिम के लिए बिल्कुल भी नहीं हैं। जिम वियर के फैशन में इन रहना है तो आपको फिटिंग वाले कपड़े ही पहनने होंगे।

### जॉगर्स सेट और कार्गो पैंट्स हैं जरूरी

जॉगर्स सेट आजकल के समय का ट्रेंड है। ये एक ऐसा ट्रेंड है जिसे बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी फॉलो करते हैं। इनकी पैंट में एंकल ग्रिप होती है, जिससे काफी स्टाइल मिल जाती है। वहीं कार्गो पैंट्स भी कमाल करती हैं और ज्यादातर बॉडी टाइप पर सूट करती ही हैं। ये दोनों ही स्टाइल इंडोर और आउटडोर वर्कआउट के लिए काम करते हैं।

## ब्लैकहेड्स से हैं परेशान तो लें नींबू का सहारा, मिलेगी दमकती त्वचा



ब्लैकहेड्स की वजह से स्किन की खूबसूरती में दाग लग जाता है। अगर इसके कारण की बात करें तो ब्लैकहेड्स सीबम के निर्माण के कारण होता है, जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। ऐसे में कई बार लोग ब्लैकहेड्स को नोंच कर निकाल देते है, जो त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे चेहरे पर निशान पड़ जाते हैं और रोमछिद्र बड़े हो सकते हैं। आप चाहें तो ब्लैकहेड्स पर डायरेक्ट नींबू का रस लगा सकते हैं। इसके लिए सीधे नींबू का रस निकालें और उसे ब्लैकहेड्स पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट छोड़ें और फिर हल्का मसाज करके धो दें। इसके लिए एक छोटे चम्मच नींबू का रस और एक छोटी चमच्च शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को ब्लैकहेड्स वाली त्वचा पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद गर्म पानी से धो दें। नींबू के रस में थोड़ा सा चीनी और बेसन मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें। इस स्क्रब में आप चाहें को थोड़ा का गुलाब जल डाल सकते हैं। अब इससे ब्लैकहेड्स पर मसाज करें और फिर उसे धो दें। अंडे की सफेदी ब्लैकहेड्स को हटाने में काफी कारगर रहती है। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडे की सफेदी और आधे नींबू के रस को मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

## दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी, तो इन डिजाइंस को करें ट्राई

अगर हम सूट में अपनी हाइट को लम्बा दिखाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको अपनी बॉडी शेप के अनुसार सही सूट के डिजाइन को चुनना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट

लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।

### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के वी-नेकलाइन सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा।



### कार्नर न्यूज

**कोट पहन रहे हैं तो याद रखें जरूरी टिप्स**

## कोट की लंबाई और फिटिंग सही हो तो निखर उठता है आपका लुक, जानिए कुछ जरूरी टिप्स

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए सूट की सही लेंथ और फिटिंग के बारे में जान लीजिए, आपके लिए ये काफी काम की फैशन टिप्स साबित होगी-

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट



की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

### कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।

